मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.4 | 12.2 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 10.4 |
| डालटनगंज | 26.4 | 08.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * *



पेज 16

www.lagatar.in

रविवार, 28 जनवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 03, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 280

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# ईडी ने हेमंत को फिर लिखा पत्र, 29 या 31 को पूछताछ के लिए समय मांगा

**सौरभ सिंह। रांची**

ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को एक बार फिर पत्र लिखा है. यह ईडी की ओर से 10वां समन है. पत्र में कहा कि जमीन घोटाला मामले में वह पूछताछ के लिए 29 या 31 जनवरी को समय दें. ईडी ने पत्र में सीएम को 31 जनवरी तक ईडी के समक्ष पेश होना अनिवार्य बताया है.

ईडी ने फिर सीएम से कहा कि पूछताछ के लिए या तो आप आइए या हम आएंगे. सूत्रों के अनुसार, ईडी की ओर से गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि वह इन दो तिथियों में से किसी एक दिन पूछताछ के लिए नहीं बताते हैं , तो ईडी इनमें से किसी भी एक दिन आकर उनके पूछताछ कर सकती है. ज्ञात हो कि 20 जनवरी को सात घंटे तक चली पूछताछ में ईडी की टीम सीएम का पूरा बयान दर्ज नहीं कर सकी थी, इसलिए उन्हें दोबारा पूछताछ के लिए एक दिन और समय देने की बात ईडी ने पत्र भेज कर कही थी. लेकिन हेमंत सोरेन की ओर से पूछताछ के लिए समय न देकर कहा गया थि कि 31 तक वे व्यस्त हैं, वे उचित समय पर इसका जवाब देंगे.

**सीएम ने ईडी को समय देने से कर दिया था इनकार :** बता दें कि सीएम ने इससे पहले गुरुवार को ईडी को अप्रत्यक्ष रूप से पूछताछ के लिए समय देने से इनकार कर दिया था. हालांकि सीएम ने ईडी को भेजे गये पत्र में समय देने का उल्लेख नहीं किया था. कहा गया था कि वह उचित समय पर इसका जवाब दे देंगे. वहीं ईडी ने सीएम को 22 जनवरी को 9वां समन भेज कर 27 से 31 जनवरी के बीच ईडी की जांच टीम के सामने पेश होने के लिए कहा था.

### सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली रवाना



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 10वां समन भेड कर 29 या 31 जनवरी को पूछताछ के लिए समय मांगा है. इस बीच मुख्यमंत्री शनिवार रात चार्टर्ड विमान से दिल्ली रवाना हो गये हैं. सीएम के दिल्ली दौरे को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है. राजनीतिक हलके में तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं. हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निजी काम से दिल्ली गये हैं.

## पत्र में लिखा-पूछताछ के लिए या तो आप आइए या हम आएंगे

### सीएम ने ईडी को घर बुलाया था

ईडी की ओर लगातार सात समन भेजे जाने के बाद भी सीएम की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया था. लेकिन आठवां समन भेजे जाने के बाद सीएम ने ईडी को पत्र भेज कर बयान दर्ज करने के लिए 20 जनवरी को ईडी कांके रोड स्थित सरकारी आवासा बुलाया था. निर्धारित तिथि को ईडी की टीम दोपहर लगभग 1 बजे सीएम आवास पहुंची थी. ईडी की टीम ने करीब 7 घंटे तक सीएम से पूछताछ की थी. ईडी के भेजे पिछले सात समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह कहते हुए गैर हाजिर रहे कि यह समन असंवैधानिक है और उनकी सरकार को परेशान करने के लिए ऐसा किया जा रहा है.

### 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में जानकारी चाहती है एजेंसी

ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बड़गाई अंचल के बरियातू स्थित 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में अनुसंधान कर रही है. इस जमीन के संबंध में ही पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है. सूत्रों के अनुसार, 20 जनवरी को ईडी ने हेमंत सोरेन से इस जमीन के संबंध में ही पूछताछ की थी. हालांकि पूछताछ में ईडी को कोई विशेष जानकारी नहीं मिल पायी थी.

### राजस्व उप निरीक्षक के घर से मिले थे आपत्तिजनक दस्तावेज

बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानुप्रताप प्रसाद के घर में ईडी ने पूर्व में रेड कर काफी संख्या में सरकारी जमीन के दस्तावेज जब्त किये थे. भानु के घर से जमीन के आपत्तिजनक दस्तावेज मिले थे. भानु के आवास से अंचल स्थित 8.46 एकड़ के जमीन के भी दस्तावेज मिले थे. इसी जमीन के संबंध में ईडी की टीम लगातार अनुसंधान कर रहा है. जांच के सिलसिले में ही ईडी संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ भी कर रही है.

# बिहार में... होइहिं सोइ जो राम रचि राखा

# फिर एनडीए सरकार !

## सीएम रहेंगे नीतीश कुमार ही, बदल जाएंगे डिप्टी सीएम

### ▪ आज पटना आ सकते हैं जेपी नड्डा और शाह, राजभवन में तैयारी शुरू

**ज्ञानवर्धन मिश्र। पटना**

बिहार की राजनीति शनिवार को पल-पल बदलती रही. अगले क्षण क्या हो जाएगा, अनुमान लगाना कठिन था. लेकिन, इस सबके बावजूद लगभग तय है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार बनेगी और सीएम नीतीश कुमार ही रहेंगे. जानकारी के अनुसार रविवार को नीतीश राजभवन में एक बार फिर सीएम पद की शपथ लेंगे. हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी. वही, रविवार को भी राजभवन सचिवालय खुला रखने का निर्देश दिया गया है और राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां की जा रही हैं.

सूत्र यह भी बता रहे कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दो डिप्टी सीएम भी शपथ लेंगें. दोनों भाजपा के होंगे. उपमुख्यमंत्री के नामों को लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं. लेकिन, उपमुख्यमंत्री के नाम में सुशील कुमार मोदी और रेणु देवी के नाम आगे चल रहे है. गौरतलब है कि सुशील कुमार मोदी और रेणु देवी दोनों पिछड़ा-अतिपिछड़ा वर्ग से आते हैं. यदि यादव कोटे से लेना हो तो नंदकिशोर यादव का नाम सबसे आगे है. वहीं, यह भी चर्चा है कि विधानसभा अध्यक्ष पद भाजपा अपने पास रखेगी. यह भी चर्चा है कि विजय कुमार सिन्हा, नंदकिशोर यादव और प्रेम कुमार में से कोई विधानसभा अध्यक्ष बनाये जा सकते हैं.

**जोड़-तोड़ में जुटे लालू-तेजस्वी :** बिहार में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार मंथन कर रहे हैं. सूत्रों का कहना हैं कि नीतीश कुमार से बातचीत करने के लिए लालू प्रसाद ने कई बार प्रयास किया, लेकिन उनकी बात नहीं हो पायी. ऐसे में वे अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लगातार विमर्श कर रहे हैं. राजनीति के माहिर खिलाड़ी किसी भी सूरत में हार मानने को तैयार नहीं दिख रहे और वे महागठबंधन की सरकार बचाने के लिए विकल्पों की तलाश में जुटे हैं.




### किंगमेकर की भूमिका में मांझी

बिहार के सियासी उलटफेर के बीच बिहार के जीतनराम मांझी किंगमेकर के रूप में उभरे हैं. मांझी की पार्टी 'हम' के 4 विधायक हैं. अगर ये 4 विधायक महागठबंधन में आ जाते हैं. वह सरकार बनाने के जादुई अंक 122 के करीब पहुंच जाएगा और उसकी सरकार बचने के आसार बढ़ जाएंगे. महागबंधन के पास 114 विधायक हैं. एआईएमआईएम के एक और एक निर्दलीय के साथ यह संख्या बढ़ कर 116 हो जाती है, ऐसे में 'हम' के साथ आ जाने से तो संख्या 120 हो जाएगी. लेकिन जादुई अंक 122 तक पहुंचने के लिए शेष 2 विधायकों को जुगाड़ करना मुमकिन नहीं है. देखना है नया खेला होगा.

### नीतीश 9वीं बार बनेंगे बिहार के सीएम!

- पहली बार - 3 मार्च 2000
- दूसरी बार - 24 नवंबर 2005
- तीसरी बार - 26 नवंबर 2010
- चौथी बार - 22 फरवरी 2015
- पांचवी बार 20 नवंबर 2015
- छठी बार - 27 जुलाई 2017
- सातवीं बार - 16 नवंबर 2020
- आठवीं बार - 9 अगस्त 2022




**नीतीश गए तो**

**महागठबंधन**

| | |
|---|---|
| राजद | 79 |
| कांग्रेस | 19 |
| वाम | 16 |

▪ बहुमत से 08 कम

**नीतीश आए तो**

**एनडीए**

| | |
|---|---|
| जदयू | 45 |
| भाजपा | 78 |
| हम | 04 |

▪ बहुमत से 05 ज्यादा

## नौकरी के बदले जमीन लेने का मामला | लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ीं

# राबड़ी व मीसा सहित 9 को स्पेशल कोर्ट का समन

**विशेष संवाददाता। पटना**

लालू प्रसाद यादव का परिवार मुश्किलों में घिरता दिख रहा है. उधर, तेजस्वी यादव और बाकी पार्टी नीतीश कुमार के सियासी गुगली को संभालने में जुटी है. लगातार पटना में बैठकों का दौर जारी है.

दूसरी ओर जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी ने कार्रवाई शुरू कर दी है. ईडी ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हृदयानंद चौधरी को आरोपी बनाते हुए समन जारी किया है. इसके अलावा ईडी ने दो अन्य कंपनियों को भी आरोपी बनाया है. ईडी ने इस मामले में 4 हजार से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है. प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम राबड़ी देवी, मीसा भारती और



हेमा यादव सहित हृदयानंद चौधरी को समन जारी किया है. कोर्ट ने इसके साथ ही अमित कात्याल और दो कंपनियों के खिलाफ भी समन जारी किया है. कोर्ट ने 9 फरवरी की तारीख को पेशी के लिए फिक्स कर दिया है. लालू परिवार पर ये संकट तब आया है, जब पूरा परिवार इन दिनों बिहार में सत्ता बचाने में जुटा हुआ है.

### लालू बतायें नौकरी के बदले जमीन लेने का सच: सुमो

इस संबंध में भाजपा नेता सुशील मोदी ने कहा कि लालू प्रसाद को बताना चाहिए कि सच क्या है. मोदी ने कहा कि ईडी के आरोप पत्र में कोर्ट में ठोस प्रमाण रखे गए हैं, इसलिए लालू और तेजस्वी को बयान के बजाय तथ्यपरक जवाब देना चाहिए. मोदी ने कहा कि उन्हें जांच एजेंसियों को बताना ही होगा कि ये अमित कात्याल कौन है, जिसकी कंपनी ने रेलवे में नौकरी पाने वालों की जमीन खरीदी? तेजस्वी बताएं कि वे दिल्ली में न्यू फ्रेंड्स कालोनी के 150 करोड़ के मकान डी-1088 के मालिक कैसे बने और कौन हैं हृदयानंद चौधरी, जिन्होंने रेलवे की नौकरी के बदले जमीन राबड़ी और हेमा को गिफ्ट कर दी? एके इन्फोसिस्टम्स के मालिक अमित कात्याल की गिरफ्तारी के बाद परिवार पर शिकंजा कसता जा रहा है. ये वही एके हैं जिन्होंने राबड़ी की सरकार के समय शराब की फैक्ट्री लगायी थी और बदले में अपनी कंपनी के शेयर मात्र 1 लाख में तेजस्वी और राबड़ी को बेच दिये थे.

## ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने बोपन्ना




**मेलबर्न।** रोहन बोपन्ना ने शनिवार को यहां मैथ्यू इबडेन के साथ मिलकर सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी की जोड़ी पर शानदार जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया. इससे वह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गये. बोपन्ना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है. उन्होंने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला दाब्रोवस्की के साथ मिलकर फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था. बोपन्ना 43 साल की उम्र में पुरुष टेनिस में ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गये. उन्होंने जीन जूलियन रोजर का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2022 में मार्सेलो अरेवोला के साथ मिलकर फ्रेंच ओपन पुरुष युगल ट्राफी जीती थी.

# 6 योजनाएं बदलेंगी युवाओं का भविष्य

## गरीब छात्रों को हायर एजुकेशन के लिए 2500 से 15 लाख तक देगी सरकार

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

झारखंड सरकार ने गरीब छात्रों को हायर एजुकेशन में मदद के लिए 6 नई योजनाएं शुरू की हैं. इनका लाभ छात्रों को 2024-25 से मिलने लगेगा. राज्य में मेधावी छात्रों की कमी नहीं, लेकिन गरीबी से ये बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ये योजनाएं शुरू की हैं. इनके तहत छात्रों को 2500 रुपए से लेकर 15 लाख रुपए तक की मदद की जाएगी. इनमें गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सीएम शिक्षा प्रोत्साहन योजना, एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मानकी मुंडा छात्रवृति योजना समेत कई योजनाएं शामिल हैं. ये सभी योजनाएं आवेदन, रजिस्ट्रेशन के स्टेज पर हैं. अगले वित्तीय वर्ष में छात्र-छात्राओं को इन सभी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा.

1. **उच्च शिक्षा के लिए 4% वार्षिक ब्याज पर 15 लाख तक का ऋण :** पैसे की कमी के कारण झारखंड के हजारों छात्र टॉप 100 एनआईआरआफ और 200 नैक-ए कैटेगरी के शिक्षण संस्थानों में पढ़ने से वंचित रह जाते हैं. ऐसे स्टूडेंट्स को सरकार गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत झारखंड सरकार 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 15 लाख रुपए तक का ऋण देगी. इस योजना का लाभ 2000 से अधिक स्टूडेंट्स को मिलेगा. सरकार करीब 500 करोड़ रुपए शिक्षा ऋण वितरित करेगी.

2. **प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग और 2500 मासिक भत्ता :** झारखंड के हजारों छात्र यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक पीओ समेत कई प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं. इन छात्रों को आर्थिक मदद करने लिए सरकार ने एकलव्य प्रशिक्षण योजना शुरू की है. इसके तहत गरीब छात्रों को सरकार से सूचीबद्ध 25 कोचिंग संस्थानों में मुफ्त कोचिंग उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही उन्हें जीवन यापन के लिए 2500 रुपए मासिक भत्ता भी दिया जाएगा. 27000 स्टूडेंट्स को इसका लाभ मिलेगा.



3. **इंजीनियरिंग, मेडिकल के इंट्रेंस एग्जाम के लिए मुफ्त कोचिंग और 2500 भत्ता :** इंजीनियरिंग, मेडिकल, क्लैट, मास कम्युनिकेशन समेत कई तरह की शिक्षा के लिए स्टूडेंट्स को संस्थानों में इंट्रेंस एग्जाम देना पड़ता है. सरकार मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत इंट्रेंस एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को सूचीबद्ध 45 कोचिंग संस्थानों में मुफ्त कोचिंग दिलाएगी. साथ ही 2500 रुपए मासिक भत्ता भी दिया जाएगा. 8000 स्टूडेंट्स को इसका लाभ मिलेगा.

4. **औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ 12000 मासिक मानदेय भी :** झारखंड सरकार ने स्नातक अप्रेंटिसशिप और उन्नत अप्रेंटिसशिप योजना के तहत स्टूडेंट्स को औद्योगिक प्रशिक्षण और प्रशिक्षण के दौरान 12000 रुपये मानदेय देने का भी लक्ष्य रखा है. अप्रेंटिशिप योजना से राज्य के 779 और उन्नत अप्रेंटिसशिप योजना से 337 छात्र लाभान्वित होंगे.

5. **50 हजार से 2 लाख तक यात्रा अनुदान :** मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के तहत क्यूएस रैंकिंग वाले 500 यूनिवर्सिटी में पेपर प्रस्तुत करने के लिए विदेश जाने वाले छात्रों को 2 लाख रुपये यात्रा अनुदान दिया जाएगा. वहीं एनआईआरएफ रैंकिंग में टॉप 100 भारतीय संस्थानों में पेपर प्रस्तुत करने वाले छात्रों को 50 हजार अनुदान दिये जाएंगे. इस योजना से 300 छात्र हर साल लाभान्वित होंगे.

6. **तकनीकी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के लिए छात्राओं को 15 से 30 हजार की मदद :** तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की संख्या कम है. इसे बढ़ाने के लिए मानकी मुंडा छात्रवृति योजना शुरू की जाएगी. डिप्लोमा में एडमिशन लेने वाली छात्राओं को 15000 और डिग्री में एडमिशन लेने वाली छात्राओं को 30 हजार रुपए वित्तीय सहायता दी जाएगी. योजना का लाभ उसी परिवार को मिलेगा, जिसकी सालाना आय 8 लाख से अधिक नहीं होगी.

### लक्ष्मीकांत वाजपेयी बने झारखंड के चुनाव प्रभारी

**रांची।** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राज्यों के प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारियों की घोषणा कर दी है. झारखंड प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड का चुनाव प्रभारी भी बनाया गया है. वे प्रदेश प्रभारी के साथ-साथ चुनाव प्रभारी की भी भूमिका निभाएंगे. झारखंड के 2 नेता भी चुनाव प्रभारी की लिस्ट में हैं. राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश बिहार में प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाये गये हैं. वहीं रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा पश्चिम बंगाल में चुनाव सह प्रभारी बनाई गई हैं.



# राजनीति के संत कर्पूरी जी, जस की तस धर दीन्ही चदरिया

**रोशन लाल भाटिया**

जिस बिहार के खेत की मेड़ पर खड़े होकर जनकवि नागार्जुन ने पूछा था कि जनता पूछ रही है, क्या बतलाऊं, उसी मेड़ पर खड़े होकर जननेता कर्पूरी ठाकुर ने भी यह हांक लगाई थी कि उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहां जो सोवत है. कर्पूरी जी ने समाजवाद की ऐसी तान छेड़ी कि लोगों की तंद्रा टूट गयी. उन्हें सुनने के लिए क्या गांव, क्या शहर, हर देहरी से पांव बाहर आ गये. खेत-खलिहानों में चर्चा होने लगी कि क्या हमलोगों को सुविधा संपन्न स्वाधीन जीवनयापन करने का अवसर मिलने तक शासक वर्ग को प्रतीक्षा करने देना चाहिए ! कर्पूरी ठाकुर जननायक थे, किंतु उससे भी अधिक संत थे. बिल्कुल कबीर की तरह. वह छात्र संगठन से लेकर बिहार में विधायक, उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे, किंतु इतना लंबा समृद्ध राजनीतिक जीवन बिताने के बावजूद उनका गांव उनके भीतर जिंदा था, वह भीअपने पूर्णतः गंवईपन में. उनका अक्खड़पन, भदेसपन ऐसा कि लोग अपनत्व की डोर में बंध जाते थे. वही जो कल खेत जोत रहा था, दुआर बुहार रहा था और खेत की मेड़ पर बदलाव की तान छेड़े जा रहा था, वह परिवर्तन की पताका फहराने की कोशिश पूरी शिद्धत से कर रहा था.



कबीर ने भी अध्यात्म की चादर जतन से ओढ़ी थी. ऐसे जतन से कि चादर मैली हुई ही नहीं. तभी तो उन्होंने कहा है कि जस की तस धर दीन्ही चदरिया. ठीक उसी प्रकार कर्पूरी जी ने राजनीति के शीर्ष पर रहते हुए परिवर्तन की एक सर्वसमावेशी धारा प्रवाहित तो की, लेकिन उन्होंने अपने लिए एक धेला नहीं जोड़ा. राजनीति के बारे में प्रायः यह कहा जाता है कि काजल की कोठरी में कैसे हूं सयानो जाय, एक लीक काजल को लागि हैं पे लागि है. लेकिन कर्पूरी जी इस कहावत के विलोम थे. लंबे राजनीतिक जीवन में भी उनका दामन पाक-साफ, लक-धक, दुग्ध धवल ही रहा. तुलसीदास ने रामचरितमानस में एक सवाल किया है, वह यह कि प्रभुता पाहि, काहि मद नाहीं. इस सवाल का जवाब भी कर्पूरी जी ही हैं. दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद वे कभी नहीं बदले. उन्होंने मद (अहंकार) को अपने पास फटकने नहीं दिया. वह जैसे पहले थे, वैसे ही जीवनभर रहे. वह एक अटूट सेवाव्रती रहे और ऐसे संकल्पित सेवा व्रतियों को अहंकार स्पर्श ही नहीं कर सकता.



जहां तक मुझे स्मरण है, रांची यात्रा के दौरान दो बार उनका आगमन मेरे रांची स्थित आवास पर हुआ था. इस दौरान उनके साथ समय व्यतीत करने और उनकी सेवा का सुअवसर मुझे और मेरे परिवार को मिला. यह 1982 का वह दौर था, जब वे मुख्यमंत्री नहीं थे. हालांकि तब तक उन्होंने एक लंबी और अमिट राजनीतिक लकीर खींच दी थी. 1952 से अब तक वे लगभग 30 वर्षों का समृद्ध और अनुकरणीय राजनीतिक जीवन व्यतीत कर चुके थे. वे जब भी पटना से बाहर होते थे, तो सर्किट हाउस या होटल के बजाय किसी मित्र, शुभचिंतक या कार्यकर्ता के आवास पर रुकना अधिक पसंद करते थे. रांची प्रवास के दौरान वे मेरे आवास पर भी रुकते थे. इस दौरान मैंने निजी तौर पर उनकी सादगी देखी. उनके आने पर मेरी धर्मपत्नी चंपा उनसे पूछती थीं कि आप क्या खाना पसंद करेंगे, तो उनका एक ही जवाब होता था, अपने लिए तुमलोग जो भी पका रही हो, हम वही खायेंगे. सबसे बड़ी बात यह कि उनके सामने थाली में जो कुछ परोस दिया जाता, वे प्रेम से खा लेते थे. यहां तक कि नमक कम-अधिक होने की भी शिकायत नहीं करते थे. साथ के लोग जब बोलते कि नमक कम या अधिक है, तब पता चलता कि क्या करना है. जब वे पहली बार मेरे आवास पर पधारे तो चंपा ने मूली की चटनी दी खाने को. वह उनको इतनी अच्छी लगी कि दूसरी बार जब वे आये तो इसकी फरमाइश जरूर की. ऐसे ही उनके कपड़े धोने का हमारा प्रस्ताव भी प्रस्ताव ही रह जाता था.

वे अपने कपड़े खुद धोते थे और सूखने पर बिना इस्त्री किये धारण कर लेते थे. वस्त्र भी क्या, मोटी खादी का कुर्ता, धोती, सिली हुई गंजी और गमछा. आज के लोगों को कतई विश्वास न होगा कि कई बार विधायक, उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके इस शख्सीयत की सादगी कैसी अद्भुत थी. -शेष पेज 8 पर

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन की भी तैयारी पूरी, सीएम हेमंत सोरेन ने दुमका के पुलिस लाइन में किया ध्वजारोहण, बोले-

# योजनाओं की गठरी जरूरतमंदों तक पहुंच रही है सरकार

प्रमुख संवाददाता। रांची/ दुमका

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जनभावना और जन-भागीदारी के साथ राज्य सरकार एक ऐसी व्यवस्था को आकार देने के लिए प्रयासरत है जहां गरीब, वंचित, मजदूर, किसान, आदिवासी, पिछड़े, दलित सबको उनका अधिकार मिल सके. मजबूत इरादे और बुलंद हौसले के साथ हमारी सरकार ने लाखों राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की है. 35 लाख जरूरतमंद को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को सरकार वर्ष में दो बार वस्त्र प्रदान कर रही है. झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान कर उनके आश्रितों और परिजनों को पेंशन और सम्मान देने की मुहिम चलाई जा रही है. गरीब और वंचित वर्ग के युवा आज विदेशों में शिक्षा ले रहे हैं. योजनाओं की गठरी बना कर गांव-गांव और पंचायत-पंचायत लाखों जरूरतमंदों के द्वार तक सरकार पहुंची है. सीएम गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुमका पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में बोल रहे थे. इससे पहले उन्होंने ध्वाजारोहण किया.



### अबुआ आवास योजना के तहत मिलेगा पक्का मकान

सीएम ने कहा कि राज्य के लोगों से किये अपने वादे को पूरा करते हुए हमने अबुआ आवास योजना की शुरुआत की है. इस योजना के तहत वर्ष 2027 तक राज्य सरकार अपनी निधि से आवासहीन एवं कच्चे घर में रहने वाले करीब 20 लाख परिवारों को 03 कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करायेगी. वर्तमान वित्तीय वर्ष में 02 लाख योग्य परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा. सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से 07 लाख से अधिक किशोरियों को लाभान्वित किया गया है. सखी मंडल के रूप में ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है. फुलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत हड़िया-दारू निर्माण एवं बिक्री से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार का विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है. सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से राज्य के हर जरूरतमंद को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है. मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है.

### झारखंड तभी सशक्त होगा जब गांव मजबूत होगा

झारखंड तभी सशक्त होगा जब गांव मजबूत होगा. सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, दीदी बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं. आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत् सरकार आपके दरवाजे पर पहुंच कर आपके समस्याओं का समाधान कर रही है. विगत 03 वर्षों से यह कार्यक्रम पूरे राज्य में संचालित हुई है और इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं और सेवाएं सफलतापूर्वक पहुंची हैं. इस दौरान लगभग 59 लाख आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से लगभग 23 लाख आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है.

### बेरोजगारी समाप्त करना महत्वपूर्ण संकल्प

बेरोजगारी खत्म करना हमारी सरकार के एजेंडा का महत्वपूर्ण संकल्प है. पूर्ण रोजगार के लिए योजना बनाना कठिन जरूर है लेकिन असंभव नहीं. सरकार ने माध्यमिक शिक्षक, सहायक अभियंता, निम्न वर्गीय लिपिक, दंत चिकित्सक, पंचायत सचिव, कोषागार लिपिक, सहायक लोक अभियोजक, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, पशु चिकित्सक, ग्रेड नर्स, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, भाषाई शिक्षक, व्याख्याता आदि के पदों पर हजारों युवाओं को नौकरी दे चुकी है.

### निजी क्षेत्र में अब तक मिल चुकी है 60 हजार को नौकरी

निजी क्षेत्र में अब तक लगभग 60 हजार युवाओं को हमने विभिन्न कैम्पों में खुद उपस्थित होकर नियुक्ति पत्र सौंपा है, इसके अलावे भी लगभग 1 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी मिली है. शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन की भी तैयारी पूरी हो चुकी है, इसको लेने के बाद हमलोग शिक्षक भर्ती के लिए अपने इसी कार्यकाल में एक और अवसर ले कर आने वाले हैं. राज्य सरकार अपने लोक कल्याणकारी दायित्वों का निर्वहन करते हुए लगभग 35 लाख लाभुकों को विभिन्न योजनान्तर्गत पेंशन प्रदान कर रही है.

### गिनाईं उपलब्धियां

- 325 प्रस्तावित प्रखंड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों में आधारभूत संरचना का कार्य प्रगति पर
- **गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का ऋण 4 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से कराया जा रहा उपलब्ध**
- मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना तथा एकलव्य प्रशिक्षण योजना के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं कोचिंग की सुविधा
- **गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का आरंभ**
- मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत् लगभग 14 लाख लाभुकों को कुल 480 करोड़ रुपए का भुगतान
- **राज्य सरकार द्वारा किसानों को 117 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस**
- सिंचाई के लिए लगभग 93 हजार योजनाओं की स्वीकृति, जिसमें से लगभग 28 हजार योजनाओं पर कार्य शुरू
- **वर्ष 2023-24 में लगभग 2100 करोड़ रुपए की राशि के 81 पथ एवं 05 पुल योजनाओं का विधिवत उद्घाटन तथा लगभग 1700 करोड़ रुपए की राशि के 64 पथ एवं पुल की योजनाओं का शिलान्यास**
- 2023-24 में 1000 करोड़ रुपए के बजटीय उपबंध से लगभग 2000 किलोमीटर पथों के निर्माण का लक्ष्य

## कई डिग्री कॉलेजों के निर्माण कार्य शुरू, कई कॉलेज हो रहे हैं अपग्रेड

# हायर एजुकेशन को हाईटेक बनाने में जुड़ा उच्च शिक्षा विभाग, 400 करोड़ खर्च

- कोल्हान यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरी और लेबोरेट्री के लिए 1.30 करोड़ रुपये

रवि भारती। रांची

राज्य में हायर एजुकेशन और क्वालिटी एजुकेशन के लिए उच्च शिक्षा विभाग में कवायद शुरू कर दी है. पूरे सिस्टम को हाईटेक बनाने के लिए विभाग द्वारा कॉलेजों और विश्वविद्यालय के लिए राशि निर्गत की जा रही है. पिछले एक साल में उच्च शिक्षा विभाग कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के अपग्रेडेशन में 400 करोड़ से अधिक की राशि आबंटित कर चुका है. विनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले बोकारो महिला कॉलेज की छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा के लिए एक करोड़,एक लाख 80 हजार रुपये की राशि आबंटित की गई है.

### किसके लिए कितनी राशि की स्वीकृति

- एलबीएसएम कॉलेज जमशेदपुर में बहुउद्देशीय परीक्षा भवन का निर्माण : 9 करोड़ 74 लाख 45 हजार
- **उच्च शिक्षा निदेशालय के सुदृढ़ीकरण : 10 करोड़**
- झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय : 5 करोड़
- **सहायता अनुदान मद में विनोबा भावे यूनिवर्सिटी को : 7 करोड़ 56 लाख रुपये**
- केसीबी कॉलेज बेड़ो में आधारभूत संरचना निर्माण : 13 करोड़ 49 लाख 25 हजार 900
- **जामताड़ा कॉलेज में पुस्तकालय भवन के निर्माण : 66 लाख 40 हजार 400**
- गुमला में मॉडल डिग्री कॉलेज की स्थापना : 15 करोड़ 76 लाख 99 हजार 600
- **जरमुंडी में डिग्री कॉलेज की स्थापना : 15 करोड़, 76 लाख 99 हजार 600**
- मारवाड़ी कॉलेज का आधारभूत संरचना निर्माण : 7 करोड़ 27 लाख 82 हजार
- **मांडर कॉलेज में आधारभूत संरचना निर्माण : 9 करोड़, 67 लाख, 33 हजार 300**

### विनोद बिहारी महतो यूनिवर्सिटी के लिए 3 अरब 48 करोड़

विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के नए परिसर के लिए तीन अरब 48 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि आबंटित की गई है. वहीं विनोबाभावे विश्वविद्यालय के मार्खम कॉलेज के साइंस ब्लॉक के निर्माण के लिए दो करोड़ 27 लाख 33 हजार रुपए आबंटित किए गए हैं. राजकीय महिला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय बरियातू के लिए 19 लाख छह हजार रुपए और राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के लिए 2.20 लाख रुपए आबंटित किए गए हैं. वहीं मारवाड़ी कॉलेज रांची में भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 18 लाख 98 हजार रुपए आबंटित किए गए हैं.



### डिजिटल लैंग्वेज लैब के लिए 4.48 करोड़

चाईबासा में दस अंगीभूत कॉलेजों में आइसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर औप डिडिटल लैंग्वेज लैब के लिए 44880100 रुपए आबंटित किए गए हैं. वहीं दुमका साइंस कॉलेज के निर्माण के लिए 13905620 रुपए आबंटित किए गए हैं. वहीं कोल्हान यूनिवर्सिटी में प्रयोगशाला और पुस्तकालय के लिए एक करोड़ 30 लाख रुपए आबंटित किए गए. संत जेवियर कॉलेज रांची और वीएसएन महिला कॉलेज पलामू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला के लिए 3.91 लाख रुपए दिए गए.

# नक्सलवाद की कमर तोड़ी, कई जटिल केस सुलझाये : डीजीपी

सौरभ सिंह। रांची

नक्सलवाद की कमर तोड़ी और कई जटिल केस सुलझाये. लेकिन आने वाले दिनों में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने की चुनौती हम सभी के सामने है. ये बातें डीजीपी अजय कुमार सिंह ने झारखंड पुलिस मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद कही. डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस का मुखिया होने के नाते मैं यह भली भांति समझता हूं कि अभियान के दौरान होने वाली कठिनाइयों के बावजूद भी झारखंड पुलिस के लिए काफी उत्साहजनक परिणामों वाला वर्ष रहा है. झारखंड के विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजना पूर्ण तरीके से चलाये जा रहे सफल अभियानों में 402 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. इसके अलावा आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत अब तक कुल 269 नक्सलियों ने झारखंड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है. आत्मसमर्पण के बाद नक्सलियों को खुले जेल में रखा जा रहा है.

**संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ एटीएस की कार्रवाई जारी :** झारखंड में संगठित अपराधिक गिरोहों के खिलाफ एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है. एटीएस ने 66 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. वहीं 16 हथियार, 278 गोली, 104 कि.ग्रा. नारकोटिक्स और 62 लाख नगद बरामद किये हैं. इसके अलावा एटीएस ने गोड्डा जिले से आईएसआईए संगठन से जुड़े आरिज हसनैन को भी गिरफ्तार किया है.

**झारखंड में साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे ज्यादा कार्रवाई :** डीजीपी ने अपने संबोधन में बताया कि साइबर अपराध एक बड़ा खतरा बनकर राज्य में उभर रहा है. लेकिन झारखंड में सबसे ज्यादा साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है. प्रतिबिंब एप आने के बाद साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में और तेजी आयी है. 8 नवंबर 2023 से 12 जनवरी तक 102 एफआईआर दर्ज की गयी है. वहीं 479 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है. प्रतिबिंब पोर्टल के अनुसार, पुलिस ने कुल 134 सिम कार्ड और 1120 मोबाइल जब्त किये हैं.



- आने वाले दिनों में शांतिपूर्ण चुनाव कराना चुनौती : डीजीपी
- **योजना पूर्ण तरीके से अभियान कर 402 नक्सलियों की गिरफ्तारी**
- 269 नक्सलियों ने झारखंड पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

# पतरातू डैम से लेकर हरिहरपुर तक जमीन की खरीद-बिक्री नहीं होगी

**रांची/रामगढ़।** गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने जमीन खरीद-बिक्री करने वाले लोगों को चेतावनी दी है. मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर लंबी-चौड़ा पोस्ट शेयर किया है. चेताया है कि पतरातू डैम से लेकर हरिहरपुर रोड (नलकारी पुल) और डैम एरिया की सीमा तक (चारों तरफ) किसी भी तरह की जमीन की खरीद -बिक्री, एकरारनामा या निर्माण कार्य अमन साहू गिरोह के विरोधी गिरोह या उनसे जुड़े लोगों और योगेंद्र साव या उनसे जुड़े लोगों से रैयत नहीं करेंगे.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन!
आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कतरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।
FLIGHT TICKETS
CRUISE BOOKING
HOTEL BOOKING
TRAIN TICKET
TAXI SERVICE
CURRENCY EXCHANGE
HOLIDAY PACKAGES
GROUP BOOKINGS
E VISA SERVICE
INTERNATIONAL TOUR PACKAGES
BOOKING
Call 8527271652-ved

CLASSIFIED

AMRITA HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
7870865821
Dr. Sumedha Gargy
MBBS, MD (Obs 'n' Gynae)
ECFMG (Certified USA)
MRCOG (London) & ESGO
Certified in Gynaecological Oncology (Europe)
Fellowship in Gynae Oncology TATA Medical Centre, Kolkata
Ex. Sr. Resident, Dept. of Surgical Oncology, RIMS, Ranchi
Shyamli, Kali Mandir Road
Burdwan Compund, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob : 8271505819, E-mail : gargysumedha@gmail.com

श्री गणेश नर्सिंग होम
लोअर चुटिया, रांची, फोन : 9835588850
सुविधाएं : सभी तरह के ऑपरेशन, गॉल ब्लाडर, अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसील बवासीर एवं हड्डी की चोट समेत सम्पूर्ण जांच की व्यवस्था उचित दर पर उपलब्ध
Dr. Randhir Kumar
M.B.B.S., D. Ortho
Ms (General Surgery), FIAGES
Ex-Resident (Neurosurgery) RIMS
24 Hours Emergency Pathology Service
(Home Collection also available here)
Vaccination Facility Child
इशानी मेडिकल हॉल
यहां सभी तरह की दवाएं उचित मूल्य पर दी जाती है।

Estd. : 2014
Under the Management of Shanti Seva Trust
R.C. Mission Residential School
(A Co-educational, English Medium, CBSE Board School)
Baba Path, Hurhuru, Hazaribagh | M-9162690238, 9113769641
Admission Open
छात्रावास में सुविधाएं :
- लाइब्रेरी की सुविधा
- सुबह-शाम ट्यूशन
- सीसी टीवी कैमरा
- 24 घंटे सिक्युरिटी
- 24 घंटे बिजली-पानी
- कंप्यूटर लैब
- मेन्यू अनुसार भोजन
Minku Kumar
Director
School Building

SHARDA SCHOOL
Run by:S. E. T., Reg No.:4/223,Sl No. 4729, U.Dise -20050115504
Email:info@shardaschoolkoderma.com,
Website:www.shardaschoolkoderma.com
Near Durga Mandap
Maduatand
Jhumari Telaiya
PIN- 825409
(Jharkhand)
Mob: 8210034302

INDU BHUSHAN MEMORIAL SCHOOL
Class:- Nursery to XIIth
Co-Education, English Medium
Our Features
- Reasonable Fee Structure
- Qualified and Trained Teachers
- Innovative Teaching
- Appropriate Student- Teacher Ratio
- No Heavy Bags
- Pre-Primary Play Area
- Attentin Towards Every Child
- Parenting Classes (For Parents)
- CCTV Monitoring
- Transport Facility
Admission is going on.
Contact : 9430370823, 9955449958
Kawatu, Ichak, Hazaribag (Jharkhand)

लोकनायक जेपी विद्या मंदिर
सीबीएसई मान्यता प्राप्त नर्सरी टू नाइंथ
नामांकन जारी
बस की सुविधा खेल का मैदान
सीसीटीवी कैमरा एवं योग्य शिक्षक
प्रचार्या सुनीता देवी
नामांकन के लिए संपर्क करें पता, नेंगवा टोल प्लाजा हजारीबाग

श्री साईं नर्सिंग होम
24 घंटा सेवा उपलब्ध
मरीजों की सुलभता हेतु सारी सुविधा उपलब्ध
मिथिलेश कुमार शर्मा
संचालक
श्री साईं नर्सिंग होम, हजारीबाग, संपर्क करें 9931579949,8789744618

24 घंटा सेवा उपलब्ध... अनुभवी डॉक्टर के साथ...
जीवन अनमोल हॉस्पिटल
राजा बांग्ला ओकनी रोड हजारीबाग
निवेदक
सुबोध कुमार

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहायता केंद्र
24 घंटा सेवा उपलब्ध
फ्री इलाज एवं ऑपरेशन के लिए संपर्क करें
राहुल ठाकुर
संचालक
मां अंबे नर्सिंग होम
कालीबाड़ी रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा, हजारीबाग फोन : 8709644624

मणिपाल मोन्टेसरी हाई स्कूल
नामांकन जारी
प्ले ग्रुप से दसवीं कक्षा तक
सीबीएसइ पाठ्यक्रम
गैस गोदाम रोड, मंडईकला, हजारीबाग, संपर्क : 9693535747

संत रोबोट बालक मध्य विद्यालय हजारीबाग
नामांकन जारी
रेमंड सोरेन
प्रधानाध्यापक
होली क्रॉस रोड कैथोलिक आश्रम, सम्पर्क : 9798141537

DR. RADHAKRISHNAN SCHOOL OF LEARNING
SENIOR SECONDARY SCHOOL (10+2)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (3430409)
नामांकन जारी
खेल का मैदान, योग्य शिक्षक, बस की सुविधा
लाइब्रेरी एवं प्रैक्टिकल के लिए उत्तम प्रबंध
NH-33 बोंगा इचाक, हजारीबाग
सम्पर्क करें : 9471041355

EDUCATION TO-LET BUSINESS REAL ESTATE RECRUITMENT MATRIMONY & Many More
Book your CLASSIFIED ADS IN
हिन्दी दैनिक शुभम संदेश
एक राज्य-एक अखबार
Contact : 9835511272, 9905709361, 9546277001, 7004715743

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रविवार, 28 जनवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 03, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 280 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र





## जेपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जाम की आयी डेट

### विभिन्न सेवाओं में कुल 342 पदों पर होगी नियुक्ति, एक से 29 फरवरी तक भरे जाएंगे आनलाइन फॉर्म

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड लोक सेवा आयोग ने शनिवार को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का विज्ञापन प्रकाशित कर दिया. इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन एक फरवरी से 29 फरवरी तक भरे जाएंगे.आवेदन ऑनलाइन होगा. जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 17 मार्च को पीटी परीक्षा ली जाएगी, वहीं मई के दूसरे सप्ताह में मुख्य परीक्षा होगी. मेंस के बाद इंटरव्यू लिया जाएगा.

परीक्षा शुल्क का भुगतान एक मार्च तक हो सकेगा. इस परीक्षा के माध्यम से विभिन्न सेवाओं में कुल 342 पदों पर नियुक्ति होगी. इनमें सबसे अधिक 207 पद राज्य प्रशासनिक सेवा अर्थात उपसमाहर्ता पद के लिए हैं. आयोग के अनुसार, इसकी प्रारंभिक परीक्षा 17 मार्च को संभावित है. इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यता स्नातक है. न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है. अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी. अधिकतम उम्र की गणना एक अगस्त 2017 एवं न्यूनतम उम्र की गणना एक अगस्त 2024 से की जाएगी. इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई अवसर की सीमा निर्धारित नहीं है.




### ऐसे किया जाएगा चयन

अंतिम चयन के लिए अभ्यर्थियों की मेधा सूची मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर तैयार होगी. मेधा सूची में सम्मिलित होने के लिए मुख्य परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा. एससी, एसटी तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम अंक की अनिवार्यता 32 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 34 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5 प्रतिशत, आदिम जनजाति के लिए 30 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर के लिए 40 प्रतिशत निर्धारित की गई है. इससे पहले प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए चयन सूची तैयार की जाएगी.

### कुल पदों के 15 गुना अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए होंगे चयनित

प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से कुल पदों के 15 गुना अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया जाएगा. इसके लिए कट आफ अंक तय किया जाएगा. यदि किसी भी आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व (क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर) उस श्रेणी की विज्ञापित रिक्तियों से 15 गुना से कम है तो कट ऑफ पर्याप्त प्रतिनिधित्व (विज्ञापित रिक्तियों का 15 गुना) होने तक इसे कम किया जाएगा. वैसे सभी अभ्यर्थी जिन्हें संबंधित श्रेणी के कट आफ के बराबर अंक प्राप्त होंगे, उन्हें मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु चयन सूची में सम्मिलित किया जाएगा.

### जानिए किन पदों पर कितनी हैं रिक्तियां

- डिप्टी कलेक्टर - 207
- डीएसपी - 35
- राज्य इनकम टैक्स ऑफिसर - 56
- जेल सुपरिटेंडेंट - 02
- झारखंड शिक्षा सेवा (कैटेगरी-2) - 10
- जिला कमांडेंट- 1
- असिस्टेंट रजिस्ट्रार - 8
- लेबर कमिश्नर - 14
- प्रोबेशन ऑफिसर- 6
- उत्पाद निरीक्षक - 3



### जानिए क्या है योग्यता

- योग्यता - स्नातक किसी भी विषय में
- आयु सीमा - 21 वर्ष से 35 वर्ष
- अति पिछड़ा वर्ग / पिछड़ा वर्ग - 37 वर्ष.
- महिला, एसटी, एससी (पुरुष व महिला)- 40 वर्ष.
- फीस : जेनरल ईडब्ल्यूएस, ओबीसी के लिए 100 रुपये.

वहीं एससी व एसटी के लिए 50 रुपए निर्धारित की गई है.



## ब्रीफ खबरें

### किसानों को उन्नत कृषि का गुर सिखाया गया

**धनबाद।** आईआईटी, आईएसएम के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रश्मी सिंह के नेतृत्व में शनिवार को जामताड़ा के गोपालपुर पंचायत में कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें 90 से अधिक किसान और कृषक मित्र शामिल हुए. किसानों को वैज्ञानिक तरीके से कृषि उत्पाद बढ़ाने पर जोर दिया गया. मिट्टी की बनावट, बीज की गुणवत्ता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. डॉ. सिंह ने बताया की जामताड़ा के दूरदराज के गांवों के किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में हमलोग लगे हुए हैं. पिछले 18 महीने से हमलोग अलग अलग पंचायत में कार्यशाला का आयोजन कर रहे हैं. प्रोफेसर सिंह ने बताया कि “इंटरैक्टिव सत्र के बाद हमने फील्ड विजिट भी किया.गोपालपुर के मुखिया सूरज हेम्ब्रम के साथ भौतिक मूल्यांकन किया और फसल की वृद्धि देखी. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने भी किसानों को सुझाव दिए.

### ईसीएल ने पार्थसारथी दास को किया सम्मानित

**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया प्रबंधन ने गणतंत्र दिवस समारोह में डीवीसी के कुमारधुबी सब स्टेशन एवं पंचेत हाईडल सब स्टेशन के इंजीनियर इनचार्ज पार्थसारथी दास को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया. ईसीएल प्रबंधन ने पार्थसारथी दास को समारोह में विशेष अतिथि के रूप बुलाया और उनका स्वागत किया. मुगमा एरिया के महाप्रबंधक आनंद ने दास को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.मौके पर महाप्रबंधक आनंद ने दास की प्रशंसा करते हुए कहा कि उव्होंने अपनी ड्यूटी ईमानदारी पूर्वक करते हुए राष्ट्र की सेवा की है. उनके बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने के कारण ईसीएल को निर्बाध बिजली मिली. इसलिए ईसीएल के कोलियरियों में रिकॉर्ड कोयला उत्पादन हो पाया. कहा गया कि डीवीसी के उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने में दास का मुख्य योगदान है. वह दिन हो या रात स्वयं तत्पर रहते हैं.

### आपस में ही भिड़े वकील : दोनों पक्षों ने की थाने में शिकायत

## धनबाद बार में वकीलों के दो पक्षों में मारपीट

संवाददाता । धनबाद

शनिवार को धनबाद बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं के दो पक्षों में मारपीट हो गई. इस संबंध में दोनों ओर से धनबाद थाना में लिखित शिकायत की गई है. घटना के संबंध में अधिवक्ताओं ने बताया कि धनबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सुमित अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बार के पदाधिकारी के खिलाफ एक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी.

जिसका कुछ अधिवक्ताओं ने विरोध किया. अधिवक्ताओं का कहना है कि इसी बीच एक अधिवक्ता गजेंद्र कुमार आए और महासचिव के खिलाफ अपमानजनक शब्द बोलने लगे. जिसको लेकर बात बढ़ गई और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई. दोनों अधिवक्ताओं के इस व्यवहार के बाद धनबाद बार एसोसिएशन ने उपरोक्त दोनों अधिवक्ताओं के खिलाफ शोकॉज नोटिस जारी कर दिया. नोटिस में कहा गया कि यह लोग लगातार बार के पदाधिकारी के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करते आ रहे हैं, जो कि एसोसिएशन के कानून का उल्लंघन है. एसोसिएशन ने दोनों अधिवक्ताओं से सात दिनों के अंदर जवाब मांगा है कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए.




### दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाये आरोप

अधिवक्ता गजेंद्र कुमार ने बार के महासचिव जितेंद्र कुमार व उनके जूनियर के विरुद्ध जान करने के नियत से हमला करने का आरोप लगाते हुए धनबाद थाना में लिखित शिकायत की है. जबकि बार के महासचिव जितेंद्र कुमार ने भी अधिवक्ता गजेंद्र कुमार के विरुद्ध जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए थाना लिखित शिकायत की है. इस बाबत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने कहा कि बार एसोसिएशन में किसी भी तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जिन्होंने भी अनुशासन को भंग किया है, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी.

## पति ने पत्नी और मासूम पुत्र की हत्या की

संवाददाता। बहरागोड़ा

बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के माटिहाना पंचायत अंतर्गत कोकमारा गांव के कुम्हार टोला निवासी सुवेंदु बेरा ने अपनी पत्नी और पुत्र की हत्या कर दी. इसके बाद खुद भी फांसी लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया.

सुवेंदु ने अपनी पत्नी पार्वती बेरा (25) व तीन साल के पुत्र की रात में सोते वक्त गला दबा कर निर्मम हत्या कर दी. इसके बाद खुद भी घर के आंगन में आम के पेड़ में गले में फंदा डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया. लेकिन लोगों की नजर उस पर पड़ गई. लोगों ने उसे फांसी लगाते समय पकड़ कर पेड़ से उतार लिया. उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. वहां उसका इलाज चल रहा है. लोगों के अनुसार सुवेंदु मानसिक रूप से बीमार है. उसने अब तक पुलिस या किसी अन्य को कुछ भी जानकारी नहीं दी है. उधर मौके पर बहरागोड़ा पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है.



## 4 को सिंदरी में पीएम करेंगे हर्ल का उद्घाटन

संवाददाता। सिंदरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धनबाद आगमन आगामी 4 फरवरी को तय माना जा रहा है. इसकी पुष्टि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हर्ल सिंदरी महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को अपने विशेष दौरा के दौरान कही.

उन्होंने कहा कि आगामी 4 फरवरी को पीएम हर्ल सिंदरी प्रोजेक्ट पहुंचेंगे और इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हर्ल प्रबंधन व स्थानीय सांसद पशुपतिनाथ सिंह और सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी से चर्चा की जा रही है. इस दौरान प्रधानमंत्री धनबाद के बरवड्डा से झारखंड में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगे. इसको लेकर भी तैयारी की जा रही है. हर्ल दौरा के दौरान झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, धनबाद सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा नगरीय जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, विनय सिंह सहित सिंदरी व धनबाद के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.



### मैथन लाठीचार्ज मामले ने पकड़ा तूल

## अरूप चटर्जी सहित सौ लोगों पर केस दर्ज

संवाददाता। मैथन

मैथन दुकानदार समिति द्वारा 25 को पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष आंदोलन किया गया था. इस दौरान हुए लाठीचार्ज के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है. सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर ददन सिंह ने अरूप चटर्जी सहित आठ मासस समर्थकों को नामजद करते हुए करीब सौ लोगों के खिलाफ मैथन ओपी में केस दर्ज कराया है.

वहीं मासस कार्यकर्ता सोहन किस्कू ने भी डीवीसी मैथन के डीजीएम अनूप पुरकायस्थ, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट, इंस्पेक्टर सहित आठ जवानों को नामजद करते हुए 25 जवानों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. इस संबंध में मैथन ओपी प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है. मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. दोनों ओर से मामला दर्ज होने के बाद दुकानदारों की समस्या सुलझने की बजाये अब और उलझ गयी है. सीआईएसएफ इंस्पेक्टर द्वारा दर्ज कराए गए केस में अरूप चटर्जी, बबलू चौधरी, साहेब घोष, रवि मल्लाह, शिबू, अमित साव, मुन्ना कुमार, पिंटू को नामजद आरोपी बनाया गया है. इन पर आरोप है कि सौ अज्ञात लोगों के साथ लेकर डीवीसी के मुख्य गेट के समक्ष मजमा लगाकर गेट जाम किया. वहीं मासस के सोहन किस्कू द्वारा दर्ज कराये गये एफआईआर में कहा गया है कि हमलोग दुकानदारों के कुछ मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे. इस दौरान डीवीसी के डीजीएम अनूप पुरकायस्थ गेट पर आये और सीआईएसएफ के डीसी अनिल कुमार सिंह को बुलाया. उन्हें आदेश दिया कि सभी लोगों को मारकर भगाओ. अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि ये लोग अपने आपको क्या समझते हैं, फिर जाति सूचक भाषा का प्रयोग किया और लाठीचार्ज करने का आदेश दिया. इसके बाद सीआईएसएफ के डीसी अनिल कुमार सिंह, इंस्पेक्टर ददन सिंह, जवान जोमन जोसेफ, शैलेन्द्र कुमार, जीवी पटेल, शाहरूख, अजय सिंह, जसप्रीत सिंह, पवन पांडेय, मुकुंद कुमार सहित 25 जवानों ने लाठीचार्ज करते हुए बेहरमी से मुझे एवं धरना पर बैठे निहत्थे लोगों को पीटने लगे. जिससे मेरा बायां हाथ व पैर टूट गया है और धरना पर बैठे करीब 20 साथियों को चोटें आईं है. इतना ही नहीं सीआईएसएफ जवानों ने पथराव करते हुए धरनार्थियों के करीब 20-25 वाहनों को भी तोड़फोड़ दिया. हमलोगों ने जैसे-तैसे भागकर जान बचायी.



### खास बातें

- मासस विधायक समेत 8 लोग बने नामजद अभियुक्त
- मामले की जांच कर होगी आगे की कार्रवाई

## जेएसएससी की परीक्षा आज

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल की पहले चरण की परीक्षा रविवार को आयोजन किया गया है. परीक्षा तीन पालियों में ली जाएगी. इसके लिए सुबह के 7: 30 से प्रवेश का समय निर्धारित किया गया है. परीक्षा शाम के 5 बजे तक चलेगी. वहीं परीक्षा के लिए झारखंड के सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है. इस परीक्षा में लगभग 6.5 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है. दूसरे चरण की परीक्षा 4 फरवरी को ली जाएगी. दूसरे चरण के परीक्षा के लिए भी झारखंड के सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है. यह परीक्षा बीते 16 और 17 दिसंबर को होना था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था. इस बीच कई आंदोलन भी हुए. सभी परीक्षा केंद्रों में धारा 144 रहेगी. वहीं रांची जिले में 108 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. रांची के सभी परीक्षा केंद्रों में लगभग 70000 अभ्यर्थी परीक्षा देंगें.

### नया कहर धनबाद शहर में चोरी की बढ़ी घटनाओं से लोगों की नींद उड़ी

## संगठित अपराध पर विराम, तो चोर दे रहे पुलिस को सलामी

अमित कुमार सिन्हा। धनबाद

जिले में नए एसएसपी एचपी जनार्दन के आने के बाद से संगठित अपराध पर पूरी तरह लगाम लगा हुआ है. प्रिंस खान गैंग, अमन सिंह गैंग एवं आशीष रंजन गैंग के गुर्गों द्वारा कोई हरकत नहीं की जा रही है.


अपराध पर नियंत्रण के लिए जिला पुलिस ने कई आवश्यक कदम भी उठाए हैं. जिससे हत्या, गोलीबारी जैसी घटनाओं पर विराम लग गया है. इस दौरान कंट्रोल रूम को उन्नत करने के साथ ही वायरलेस एवं टेक्निकल सेल की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया गया है. वहीं दूसरी तरफ चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. आये दिन शहर में पुलिस को चोरों द्वारा सलामी दी जा रही है. शुक्रवार की देर रात सरायढेला थाना अंतर्गत सुगियाडीह रघुवर नगर में सानवी ज्वेलर्स में चोरों ने करीब 7 लाख की संपत्ति सटर तोड़कर चोरी कर ली है.

ज्वेलर्स दुकान के संचालक सुनील वर्मा ने बताया कि करीब 25 ग्राम सोना एवं करीब सवा किलो चांदी के आभूषण चोरों ने चोरी कर ली. अहले सुबह लोगों को इसकी जानकारी मिली और इसकी सूचना केंदुआ निवासी सुनील वर्मा को दी. सुनील वर्मा ने सरायढेला थाना को सूचना दी. इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है. केंदुआ निवासी सुनील वर्मा ने दो माह पहले ही रघुवर नगर में दुकान खोला था. मुख्य सड़क किनारे घनी आबादी के बीच चोरी होना कई तरह के सवाल खड़ा कर रहे हैं.


ज्वेलरी दुकान में शटर तोड़ कर हुई चोरी

### पिछले 21 दिनों में हुई 10 चोरियां

पिछले 21 दिनों में सिर्फ सदर थाना क्षेत्र एवं सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 चोरियां हो चुकी हैं. जिसमे मंदिरों, घरों एवं दुकानें शामिल हैं. मौका मिलते ही चोर घर समेत अन्य जगहों को अपना निशाना बना रहे हैं. बता दें कि सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो मंदिरों समेत 6 जगहों पर मात्र 21 दिनों के भीतर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है. इसके साथ ही सरायढेला थाना क्षेत्र में दो दुकान समेत दो घरों को चोरों द्वारा निशाना बनाया जा चुका है. पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है.

# गणतंत्र दिवस पर डीसी ने फहराया तिरंगा

संवाददाता। मेदिनीनगर

गणतंत्र दिवस पर स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य राजकीय समारोह आयोजित किया गया. समारोह में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया. इस अवसर पर रंजन ने पलामूवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत का यह गणतंत्र का चेहरा पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा है. यह तिरंगा जो शान से लहरा रहा है, यह आजादी के उन दीवानों को याद दिलाता है, जिनके लिए देश व देश की आजादी ही सब कुछ था. उन्हें नमन करते हुए रंजन ने कहा कि यह वक्त है उन मनीषियों व पुरोधाओं को नमन करने का, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से देश के लिए एक सुव्यवस्थित, समृद्ध व सशक्त संविधान की रचना की है. संविधान सभा के 284 सदस्यों में पलामूवासी वीर स्वतंत्रता सेनानी स्व. यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू व स्व. अमीय कुमार घोष उर्फ़ गोपा बाबू की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इन दोनों विभूतियों ने पहले अंग्रेजों के खिलाफ स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी और फिर संविधान सभा के सदस्य के रूप में संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाई. आज उन्हें स्मरण कर सैलूट करते हुए रोम-रोम पुलकित हो रहा है. उन्होंने पलामू के प्रतापी राजा मेदिनी राय, क्रांतिकारी नीलांबर-पीतांबर की शहादत को भी याद किया.

## बच्चों की प्रस्तुति रही अत्यंत सराहनीय : लवली गुप्ता

**मेदिनीनगर** । गणतंत्र दिवस पर पांकी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने विधिवत पूजा-अर्चना व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. गुप्ता ने कहा कि सीमित संसाधन में बच्चों द्वारा किया गया प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय है. उन्होंने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हो गया था लेकिन तब हमारे पास अपना संविधान नहीं था आजादी के 3 वर्षों के बाद अपना संविधान मिला.

## गणतंत्र दिवस पर नगर आयुक्त हुए सम्मानित

**मेदिनीनगर**। पलामू जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया. उन्हें उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन समेत अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया. वर्ष 2023 में मेदिनीनगर नगर निगम निबंधक इकाई द्वारा सर्वाधिक जन्म मृत्यु का निबंधन करने पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को सम्मानित किया गया. वहीं ई संजीवनी से 2400 मरीजों का इलाज करने पर पांकी के डॉ. रियाज अनवर, ई संजीवनी से कुल 938 मरीजों का इलाज करने पर रश्मि दीपिका कुजुर, एएनएम रीना सिंह व अनीता देवी को सम्मानित किया गया.

## जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी सम्मानित

**मेदिनीनगर**। गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में जनसंपर्क कार्यालय के एपीआरओ अजित कुमार तिवारी व एसएमपीओ भास्कर कुमार को सम्मानित किया गया. अजीत तिवारी को प्रशासन मीडिया एवं आमजनों के बीच सेतु का काम करते हुए बेहतर समन्वय व भास्कर कुमार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सोशल एवं डिजिटल माध्यमों में रियल टाइम अपडेटिंग कर सरकार एवं स्थानीय प्रशासन की पहुंच समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचाने में उत्कृष्टता हासिल करने पर सम्मानित किया गया.

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डीएवी जीता प्रथम पुरस्कार

**लातेहार**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में गणतंत्र दिवस की संध्या रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्वाति मिश्रा म्यूजिकल क्लासेस के प्रतिभागियों ने आओ हम सब गाये इस देश के तराने देशभक्ति गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की. इसके बाद विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया. डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने अमर स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की जीवनी पर जीवंत नृत्य नाटिका प्रस्तुत की.

## प्रमंडलीय कार्यालय में आईजी ने किया झंडोत्तोलन

**मेदिनीनगर**। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त एवं आईजी कार्यालय परिसर में पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा ने झंडोत्तोलन किया. मौके पर आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेंद्र कुमार, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, वरीय पुलिस उपाधीक्षक प्रशासन राहुल देव बड़ाइक, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सार्जेंट मेजर अनीस मोमित कुजूर, आयुक्त कार्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी समेत प्रमंडलीय कार्यालय अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

## भारत माता के जयकारे से गूंजा कॉलेज परिसर

**मेदिनीनगर**। गणतंत्र दिवस पर स्थानीय मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज के षिक्षक व विद्यार्थी देशभक्ति की भावना के साथ ही पूरे उत्साह व जोष में थे. कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्वेता कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया. इसके साथ ही भारत माता की जाय, वीर षहीद अमर रहें आदि के गगनभेदी नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान था. ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया. प्राचार्या डॉ. श्वेता ने कहा कि उनके बलिदानों को याद रखने की आवश्यकता है.




























































**SANT NANDLAL SMRITI VIDYA MANDIR**

Dak Bungalow Road, Ghatsila, Dist. - East Singhbhum, Jharkhand - 832303

Session 2024-25

**ADMISSION OPEN**

Nursery to IX & XI (for Science & Commerce)

---

**26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाओं**

**अमित कुमार**

थाना प्रभारी, गोविंदपुर

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**डॉ अमर सिंह**

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर

---

**KOLHAN UNIVERSITY**

Chaibasa, West Singhbhum

Jharkhand-833202

**शुभकामना संदेश**

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा जिसमें 23 स्नातकोत्तर विभाग एवं एमएड, 19 अंगीभूत और 28 संबद्ध महाविद्यालय शामिल है, कोल्हान प्रक्षेत्र में उच्चतम गुणवत्ता की शिक्षा के प्रचार-प्रसार की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय ने राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए NEP-2020 का क्रियान्वयन किया है और हमने गुणवत्तापूर्ण शोध पत्रिका का प्रकाशन भी किया है। विश्वविद्यालय ने कड़ी मेहनत से NAAC से B ग्रेड प्राप्त किया है तथा कोल्हान प्रमंडल में गुणवत्ता शिक्षा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन प्रतिबद्ध है।

75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोल्हान विश्वविद्यालय परिवार सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

(मनोज कुमार)

कुलपति-सह-प्रमंडलीय आयुक्त

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

Ref No. KU/R/124/2024 Date 25.01.2024

---

**JAMINI KANT B.Ed. COLLEGE SALBONI**

(Affiliated to Kolhan University, Chaibasa, Recognized by NCTE, Bhubaneswar)

Affiliated to Jharkhand Academic Council, Ranchi

Salboni, P.O. Barakhurshi, Via-Mahulia, East Singhbhum, Jharkhand.

Admission Going On: Course Offered: D.El.Ed. (Session 2023-2025)

Contact No.: 6200008516 / 9798138776 / 7677766675

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**गुड्डू सिंह**

समाजसेवी, बहरागोड़ा

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

26 गणतंत्र दिवस

**रामदयाल उरांव**

बरसोल थाना प्रभारी

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

26 गणतंत्र दिवस

**केशव भारती**

प्रखंड विकास पदाधिकारी

---

**HAPPY REPUBLIC DAY**

**GGSPI**

COMPUTER TRAINING CENTRE

Adityapur | Gamharia | Jugsalai

DCA ADCA TALLY TYPING C,C++ PYTHON SAP

GURPREET SINGH SEEHRA

Contact : 8825311709

Join for Better Tomorrow !!! Digital India

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**जेम्स सलिल हानहागा**

बीटीएम-मझगांव

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**संतन तिवारी**

थाना प्रभारी

बहरागोड़ा

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**विजय महतो**

जिलाध्यक्ष

**राकेश मिश्रा**

जिला प्रवक्ता

भाजपा सरायकेला-खरसावां

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**शंभू ट्रेडर्स**

खड़पोस-मझगांव

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**गोंडो सामड़**

पंचायत सचिव-मझगांव प्रखंड, मझगांव

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई**

**हाजी अफताब आलम**

मदरसा फैजयाम

अफताब नगर, जगन्नाथपुर

पश्चिम सिंहभूम, झारखण्ड

---

1st Time in Jharkhand

SINGAPORE Based EDUCATION SYSTEM

ADMISSION OPEN

**BIRA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL**

TIRILDIH, KOLABIRA

7783818856, 9955307356

Transport & Hostel Available

---

जोहार !

**75वां गणतंत्र दिवस**

मैं डा० बिमल कुमार, पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसावाँ अपने समस्त सम्मानित सरायकेला-खरसावाँ वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ, बधाईयाँ देता हूँ। सरायकेला के पावन धरती को मैं प्रणाम करता हूँ। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैं सभी को आश्वस्त करना चाहुँगा कि सरायकेला-खरसावाँ पुलिस प्रशासन हर तरह की चुनौती के लिए तैयार है। विगत वर्ष में सरायकेला-खरसावाँ पुलिस द्वारा काफी मेहनत एवं लगन के साथ कार्य करते हुए सरायकेला-खरसावाँ जिला को नशामुक्त जिला बनाने के उद्देश्य के साथ नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया गया एवं काफी मात्रा में ब्राउन शूगर/गांजा जैसे अवैध नशीले पदार्थों को बरामद किया गया है एवं इससे संबंधित अपराधियों को भी न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरायकेला-खरसावाँ पुलिस द्वारा विशेष पहल करते हुए मुख्यतः शहरी क्षेत्रों में महिला शक्ति पेट्रोलिंग प्रारंभ किया गया। अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए विगत वर्ष में कुल-24 आग्नेयास्त्र एवं 41 चक्र गोली की बरामदगी की गयी है तथा विभिन्न काण्डों में 593 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है।

मैं पुनः आप सभी को आश्वस्त करता हूँ कि सरायकेला-खरसावाँ पुलिस का हर कार्य न्यायोचित एवं जनता के हित में होगा। मैं जिला के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता हूँ कि आइए आप अपना सहयोग दें ताकि हम मिलकर सरायकेला जिला को नशामुक्त, नक्सलमुक्त, भयमुक्त, अपराधमुक्त जिला बनाएँ। सरायकेला-खरसावाँ पुलिस 24×7 आपकी सुरक्षा एवं सेवा में सदैव तत्पर है। आइए इस गणतंत्र दिवस पर प्रतिज्ञा करें कि हम अपने जिला, राज्य एवं देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और हम सभी मिलकर सशक्त भारत का निर्माण करेंगे।

पुनः आप सबों को सरायकेला-खरसावाँ जिला पुलिस की ओर से गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएँ।

जय हिन्द, जय भारत, जोहार !

---

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**डॉ विमल कुमार**

पुलिस अधीक्षक, सरायकेला

---

"न जाति, न धर्म, न क्षेत्र, देश सबसे पहले"

सदैव आपके लिए तत्पर

**नेता नहीं बेटा बनकर आया हूँ**

**मनमोहन सिंह राजपूत**

अध्यक्ष

---

**26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाओं**

**दीपक बिरुवा**

विधायक, चाईबासा विधानसभा

## ब्रीफ खबरें

### कुछ ट्रेनें आज रूट डायवर्ट होकर चलेंगी

**धनबाद।** चितरंजन-जसीडीह रूट पर गार्डर लगाने को लेकर रविवार को कुछ ट्रेनों को डायवर्ट कर चलाया जा रहा है. रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद से खुलनेवाली गाड़ी संख्या 13331 धनबाद-पटना इंटरसिटी चितरंजन-जसीडीह की बजाय धनबाद-गोमो-कोडरमा-गया होकर चलेगी. ट्रेन नंबर 13332 पटना-धनबाद इंटरसिटी पटना से खुलने के बाद गया-कोडरमा-गोमो होकर धनबाद आएगी.

### जेवर दुकान और घर से लाखों की चोरी

**धनबाद।** धनबाद जिला के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर इलाके तक घर, मंदिर व दुकान सुरक्षित नहीं हैं. हर एक-दो दिन में चोरी की घटनाएं हो रही है. गणतंत्र दिवस के दिन सरायढेला थाना क्षेत्र के सुगियाडीह स्थित रघुवर नगर में एक तरफ जहां जेवर दुकान में चोरी हो गई, वहीं दूसरी ओर धनबाद थाना क्षेत्र के दामोदरपुर स्थित सेवा विहार कॉलोनी में रिटायर बीसीसीएल कर्मी के घर में चोरी हो गई.

### गोमिया में विधायक ने किया झंडोतोलन

**बेरमो।** गोमिया सहित आसपास के क्षेत्र आइइएल कालोनी, स्वांग कोलियरी, ससबेडा, हजारी मोड़ आदि में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर गोमिया प्लस टू हाई स्कूल एवं भारत माता मंदिर तेनुघाट 2 नंबर में विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झंडोत्तोलन किया. वहीं प्रखंड कार्यालय गोमिया में प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े ने झंडा फहराया. इस दौरान बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप महतो, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष लुदू मांझी अन्य उपस्थित थे.


### प्रचार-प्रसार के कार्यों के तेजी लाएं : डीसी

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को स्वीप के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है. ऐसे में चुनाव से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के साथ प्रचार प्रसार के काम को भी बढ़ना जरूरी हो गया है. ताकि अधिक से अधिक लोग निर्भीक होकर मतदान में भाग ले सके.उन्होंने कहा वैसे बूथ जहां पूर्व में 40 प्रतिशत से कम वोटिंग हुई है.

परीक्षा केंद्र पर 29 गश्ती दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी तथा 15 फ्लाइंग स्क्वाड रहेंगे तैनात

# आज धनबाद के 75 केन्द्रों पर होगी जेएसएससी की परीक्षा

संवाददाता । धनबाद



आज जिले के 75 केंद्र पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा होगी. जिला प्रशासन की ओर से इसे लेकर सभी तरह की तैयारियां शनिवार को पूरी कर ली गई. परीक्षा तीन शिफ्ट में आयोजित की जाएगी. पहला शिफ्ट सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 तक तथा तीसरी शिफ्ट में दोपहर 3 से संध्या 5:00 बजे तक चलेगी.सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैमर की व्यवस्था की गई है. परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों का बायोमैट्रिक अटेंडेंस तथा फ्रीस्क्रिनिंग की जाएगी.

**तैयारी पूरी :** डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा कराने को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है. सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं.परीक्षा को लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेंटर ऑब्जर्वर, तथा पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है. साथ ही 29 गश्ती दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तथा परीक्षा के दौरान 15 फ्लाइंग स्क्वाड सभी सेंटर पर लगातार भ्रमण करते रहेंगे.साथ ही समय पर प्रश्न पत्र लेकर सेंटर पहुंचने एवं परीक्षा संपन्न होने के बाद आयोग के दिशा निर्देश अनुसार उसे सील बंद कर वापस पहुंचाने का निर्देश दिया गया है.

### राहुल के आने से जनता का भला नहीं : सुदेश

**कतरास/राजगंज।** राहुल गांधी के धनबाद आने से जनता का कोई भला नहीं होगा. उक्त बातें शुक्रवार को राजगंज में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित धनबाद, बोकारो एवं गिरिडीह प्रभारियों के साथ बैठक के दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने पत्रकार वार्ता में कही. महतो ने कहा एनडीए झारखंड में पूरे 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह इंडिया गठबंधन नहीं है कि समय से पहले बिखर जाएगा.

### मांगे पूरी नहीं हुई तो स्वास्थ्य कर्मी करेंगे उग्र आंदोलन

**धनबाद।** झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन धनबाद शाखा की शनिवार को बैठक हुई. बैठक में धनबाद के जिलास्तरीय सभी पदाधिकारी, ईकाई प्रमुख एवं सभी ईकाईयों के सदस्यों ने भाग लिया. बैठक में मौजूद अशोक नोनिया ने कहा कि डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य कर्मी अति अल्प मानदेय पर सदर अस्पताल में काम कर रहे हैं. अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

### विचाराधीन बंदी का इलाज के दौरान मौत

**तेनुघाट ।** तेनुघाट जेल में बंद विचाराधीन बंदी कुलदीप सोरेन की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई. कुलदीप सोरेन महुआटांड थाना क्षेत्र का रहने वाला था. शुक्रवार की सुबह वह गिर गया था, जिससे वह घायल हो गया था. जेल पदाधिकारी ने तुरंत तेनुघाट के डॉक्टर शंभू कुमार को बुलाया और जांच कराई. फिर बेहतर इलाज के लिए बोकारो भेज दिया. बोकारो में चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

### 'यूरिया आयात में 40 लाख मीट्रिक टन की आई कमी'

**सिंदरी ।** सिंदरी के सरकारी, गैर सरकारी, स्कूलों, पार्टियों के कार्यालयों सहित बाजारों में 75 वें गणतंत्र दिवस पर झण्डारोहण किया गया. हर्ल के नये प्रशासनिक भवन में हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक, एफसीआईएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत द्वारा कल्याण केन्द्र ग्राउंड में झण्डोत्तोलन किया गया.हर्ल वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने कहा कि हर्ल की स्थापना से देश के यूरिया आयात में 40 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है.

### बेबी देवी ने किया झंडोत्तोलन,परेड का निरीक्षण

**बोकारो ।** बोकारो के सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में शुक्रवार को झारखंड सरकार की उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने 75वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी. इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों के परेड का निरीक्षण किया. मौके पर पुलिस महानिरीक्षक डा. माइकल राज, उप महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र सुरेंद्र झा, डीआइजी सीआरपीएफ दीलीप सिंह, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, सीआरपीएफ के सेकेंड इन कमांड नारायण बली, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मेनका, चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी नरेश रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, उपायुक्त के विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा अन्य मौजूद थे.

## प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से पुलिस ने सात साइबर अपराधियों को दबोचा



संवाददाता । गिरिडीह

गिरिडीह पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से नौ मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड, दो एटीएम समेत कई अन्य सामान भी बरामद किये हैं. एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि अबतक कुल 179 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि 14 लाख 37 हजार 310 नगद बरामद किये जा चुके हैं.

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई :** जानकारी के अनुसार, एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि अहलियापुर थाना के क्षेत्र स्थित सिंहपुर गांव में कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम कार्ड का प्रयोग करके आम लोगों से ठगी कर रहे हैं.

### कैसे करते थे ठगी

पकड़े गये साइबर अपराधियों ने पुलिस को बताया कि वो रैंडम नंबरों पर सीरियल कॉलिंग कर बिजली विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर बकाया बिजली बिल भुगतान करने के लिए कहते हैं. अन्यथा बिजली का कनेक्शन काटने की बात कहकर डराते हैं. उसके बाद झांसे में लेकर रिमोर्ट एक्सेस ऐप लिंक भेजकर उसको इंस्टॉल करवाते हैं और साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं. साथ ही वो बैंक कर्मी बनकर भी लोगों को झांसे में लेते थे और ओटीपी और पासवर्ड प्राप्त कर ठगी करते.

### तीन बाइक आपस में टकराई, एक की मौत

**निरसा ।** निरसा थाना क्षेत्र के कंचनडीह के समीप एनएच-2 पर शुक्रवार की शाम एक साथ तीन बाइक में टक्कर हो गई. इस घटना में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं एक की मौत हो गई. दो बाइक से पांच लोग मैथन से वापस धनबाद की ओर आ रहे थे, जबकि एक बाइक से दो लोग निरसा थाना क्षेत्र के भागाबांध गांव स्थित अपने घर जा रहे थे. इसी दौरान तीनों बाइक आपस में टकरा गई. घटना के बाद ग्रामीणों ने रोड को जाम कर दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा. गुस्साये ग्रामीणों ने एनएच -2 में किये जा रहे कार्यों में लापरवाही को इस दुर्घटना के लिए जिम्मेवार ठहराया. ग्रामीणों के सड़क पर उतर जाने से दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतारें लग गयी.

### विरोध करने पर अपराधियों ने फोरमैन इंचार्ज को घायल किया

**धनबाद/कतरास।** बीसीसीएल एरिया चार के ओटो वर्कशाप में शनिवार अहले सुबह कुछ अपराधी लूटपाट की नीयत से घुसे. विरोध करने पर अपराधियों ने फोरमैन इंचार्ज को पत्थर से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया. अपराधी वर्कशॉप की चहारदीवारी फांद कर लूटपाट करने आये थे. फोरमैन इंचार्ज विजय कुमार भुइयां ने वहां उनका विरोध किया. जिसके बाद अपराधियों ने पत्थर से मारकर उन्हें घायल कर दिया. इसके बाद कर्मचारियों ने हो-हल्ला मचाया. यह देख अपराधी बाउंड्री फांद कर भाग निकले. घायल विजय को अंगारपथरा स्थित डिस्पेंसरी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सेंट्रल अस्पताल धनबाद भेज दिया गया.

**मुख्य द्वार पर प्रदर्शन :** इधर घटना के बाद कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले वर्कशाप के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करने लगे और काम का बहिष्कार कर दिया.


### पीएम के कार्यक्रम में भाग लें : ढुल्लू

**बाघमारा।** आगामी 4 फरवरी के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद के बरवा अड्डा मैदान में आगमन को लेकर बाघमारा क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों की जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठक हुई. स्थानीय हाई स्कूल के समीप पार्टी कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं की बैठक में बाघमारा व आसपास के 16 पंचायतों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बाघमारा के विधायक ढुल्लु महतो ने उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बूथ स्तर पर तैयारी करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में हर गांव से लोगों की जन भागीदारी हो.उन्होंने कार्यकर्ताओं से भारी से भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया.








With Best Compliments From
Jamshedpur Worker's College, Jamshedpur
A Constituent Unit of Kolhan University, Chaibasa
We offer - B. A., B. Sc., B. Com and P.G. in History, Geography, Commerce, Political Science and Urdu
Vocational : MBA, BBA, BCA & B. Sc. Lt
For more details visit our website : jwcmango.ac.in
E-mail I.D. jwc.mango1@gmail.com
Help desk no. 0657-2364077/87, 9472949382
Dr. S. P. Mahalik
Principal
JSR, Worker's College
Ref No. JWC/D/Gen/41/24, Date 25.01.24



















## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** गलत कार्य से कुछ नुकसान हो सकता है. विद्यार्थी शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** समय सामान्य है. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा.

**मिथुन** आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. भरपूर प्रयास करें.

**कर्क** आय बहुत ही अच्छा होगा. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**सिंह** किये गए कार्य का लाभ मिलेगा. सुबह से खर्च में वृद्धि होगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है.

**कन्या** आय एक समान नहीं होगा. कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**तुला** किसी कार्य को लेकर लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें. इतर का दान करना चाहिए.

**वृश्चिक** कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** समय सामान्य है. सुबह का समय सामान्य होगा. ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. शनि को खुश रखें. कार्य में गति आएगी.

**कुंभ** घर परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. किये गए कार्य का लाभ होगा.

**मीन** मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल का दान करें.

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

**देवघर/ रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने शनिवार को देवघर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि फिलहाल झारखंड में यात्रा के लिए रूट तय नहीं हुआ है. अगले दो से तीन दिनों में इसका रूट सार्वजनिक कर दिया जाएगा. फिलहाल इंटर्नल टीम और सुरक्षा प्रभारियों द्वारा रूट तय किया जा रहा है. मीर ने बताया कि झारखंड में जहां-जहां से भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी. वहां राहुल गांधी को झारखंडवासियों का प्यार और मोहब्बत मिलेगा. भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में आठ दिनों तक चलेगी. देवघर परिसदन में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद समेत पार्टी के सीनियर लीड और सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मौजूद थे.

### किशोर बंदियों को मुख्य धारा से जोड़ेंगे

**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में 26 जनवरी से 27 फरवरी 2024 तक मंडल कारा में बंद किशोरों ( विचाराधीन और सजा प्राप्त ) की पहचान कर उन्हें विधिक सहायता प्रदान करने हेतु विशेष उन्मुखीकरण अभियान कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है. इसी क्रम में शनिवार को स्थानीय मंडल कारा में कार्यक्रम आयोजित कर प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने इसकी विधिवत शुरुआत की. उन्होंने बंदियों का निरीक्षण कर 130 युवाओं को चयनित किया तथा उनके किशोर होने संबंधित दावों का अवलोकन किया.

### बेबी हांसदा चुनी गई मिस 26 जनवरी

**घाटशिला।** आदिम विकास पुस्तकालय समिति चेंगजोड़ा में 52 वां वार्षिकोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया. जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू की देखरेख में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समिति के संस्थापक दिवंगत कुनाराम मुर्मू को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इस अवसर पर मिस 26 जनवरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमे चुकरीपाड़ा कि बेबी हांसदा मिस 26 जनवरी चुनी गई. प्रथम उपविजेता कापागोड़ा कि मल्लिका व द्वितीय उपविजेता चेंगजोड़ा की सलमा टुडू रही.

## दुमका में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में एसएसबी-35 वाहिनी अव्वल, पर्यटन विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार

# मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी के आश्रित को सौंपा नियुक्ति पत्र

संवाददाता।रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, दुमका में आयोजित समारोह में जिले के स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाली एसएसबी -35 वाहिनी और झांकियों में पर्यटन विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा। इसके अलावा झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रित को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।



**झांकियों में पर्यटन विभाग को मिला पहला पुरस्कार**

### तीन स्वतंत्रता सेनानियों की पत्नियों को किया गया सम्मानित

- स्वतंत्रता सेनानी स्व धनेश्वर मंडल की आश्रित पत्नी चन्द्रावती देवी (ग्राम- बंदरी, प्रखंड- सरैयाहाट, जिला- दुमका)
- स्व. पतरू राय की आश्रित पत्नी परवतिया देवी (ग्राम- परसदाहा, प्रखंड- सरैयाहाट, जिला- दुमका)
- स्व. दशरथ राय की आश्रित पत्नी सरोतिया देवी (ग्राम- डेलीपाथर, प्रखंड- रामगढ़, जिला- दुमका)

**पुरस्कृत होने वाली परेड टुकड़ी**

प्रथम पुरस्कार- एसएसबी-35 वाहिनी
द्वितीय पुरस्कार-एसआईआरबी - 01 दुमका
तृतीय पुरस्कार - एनसीसी बटालियन एवं भारत स्काउट एंड गाइड ( महिला ), दुमका

**इन विभागों की झांकियों को मिला पुरस्कार**

प्रथम पुरस्कार- पर्यटन विभाग, दुमका
द्वितीय पुस्कार- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका
तृतीय पुरस्कार- वन विभाग, दुमका

**झारखंड आंदोलनकारी के आश्रितों को मिला नियुक्ति पत्र**

क्लेमेंट मुर्मू, (निम्नवर्गीय लिपिक, साहेबगंज)
विजय कु. मुर्मू (निम्नवर्गीय लिपिक, साहेबगंज)
राजेश हेमब्रम ( अनुसेवक, साहेबगंज)
मारंग मुर्मू ( अनुसेवक, साहेबगंज)

**झारखंड आंदोलनकारी के आश्रित को शॉल एवं पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किया**

महादेव टुडू ( अंचल -मसलिया )
नागेंद्र हेमब्रम ( अंचल -जरमुण्डी)

**जिला योजना कार्यालय, दुमका के लिए इन्हें मिला नियुक्ति पत्र**

राजू कुमार, गीतिल तिरिया

## गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल ने रांची के मोरहाबादी मैदान में फहराया तिरंगा

# किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : राधाकृष्णन

प्रमुख संवाददाता।रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में ध्वजारोहण किया. उसके बाद राज्यपाल ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था. संवैधानिक स्वतंत्रता के प्रभावी होने का यह दिवस देश के वास्तविक संप्रभु भारत के जन-जन के अभिनंदन का भी दिन है. जिस विलक्षण प्रतिभा और दूरदर्शिता के साथ, जनता की आशाओं और अधिकारों के संरक्षक के रूप में भारत के संविधान का निर्माण किया गया था, उसने अपनी सार्थकता बीते 74 वर्षों में स्वयं-सिद्ध की है. आज के दिन हम एक बार फिर यह संकल्प लें कि हम अपने संविधान के प्रति अटूट आस्था बनाये रखेंगे और इसकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे. पीएम भारत को 2047 तक विकसित बनाने की कार्य योजना पर कार्य कर रहे हैं, जब हमारा देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर लेगा. विकसित भारत अभियान 2047 को साकार करने के लिए विकास की इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शामिल किया जा रहा है.

**सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित :** राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने हमेशा से सुशासन एवं न्याय के साथ विकास पर जोर दिया है और सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास के लिए सरकार संकल्पित है. सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का लगातार प्रयास कर रही है. सरकार की इन योजनाओं को लोगो तक पहुंचाने में भ्रष्टाचार बाधक नहीं बनना चाहिए. किसी भी रूप में और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. राज्य पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों ने नक्सलवाद को नियंत्रित करने में शानदार उपलब्धि हासिल की है. विधि व्यवस्था को बनाये रखने एवं अपराध नियंत्रण के लिए सबका तत्पर रहना आवश्यक है.

हमारा राज्य एक कृषि प्रधान राज्य है. राज्य की बहुसंख्य जनता कृषि पर निर्भर है. कृषि और किसान दोनों की उन्नति हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. राज्य के सभी किसानों के पास खेती करने के लिए पर्याप्त सिंचाई के साधन उपलब्ध हों इसके लिए हमारी सरकार के द्वारा बिरसा सिंचाई कूप योजना के नाम से एक नई योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत 1 लाख कुआं का निर्माण किया जाएगा.



### 54 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई सुविधा पुनर्बहाल

राज्य में सिंचाई सुविधा का विस्तार करने की दिशा में कुल 49 सिंचाई योजनाओं का पुनरुद्धार कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिससे लगभग 54 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई सुविधा पुनर्बहाल की गयी है एवं विभिन्न जिलों में 24 योजनाओं के नहरों का पुनरुद्धार कार्य प्रगति पर है, जिसे अगले वर्ष में पूर्ण कर अतिरिक्त 42 हजार हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर सिंचाई सुविधा पुनर्बहाल की जा सकेगी. राज्य में पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रयासरत है. इस क्रम में मुख्यमंत्री जन वन योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से वर्ष 2023-24 में लगभग 29 हजार हेक्टेयर भूमि पर 2 करोड़ से अधिक पौधे लगाये गये हैं. वनाच्छादन को बढ़ाने का सरकार लगातार प्रयास कर रही है. राज्य में इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं. पलामू व्याघ्र परियोजना, दलमा एवं हजारीबाग वन्य प्राणी आश्रयणी में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु वहां आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है. इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने से राज्य में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं.

### गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना भी

राज्य के वैसे छात्र जो 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने के बाद आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना संचालित की जा रही है. इस योजना के तहत विद्यार्थियों को बैंकों के माध्यम से 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से अधिकतम 15 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है. मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना तथा एकलव्य प्रशिक्षण योजना के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है.

### विकास के लिए आधारभूत संरचना का मजबूत होना जरूरी

सतत् विकास के लिए राज्य की आधारभूत संरचना का मजबूत होना नितांत आवश्यक है. आधारभूत संरचना मजबूत होगी तभी राज्य के विकास को अपेक्षित गति मिल सकेगी. सरकार द्वारा संचालित 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना से प्रति माह 19 लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2096 करोड़ की लागत से 81 पथ 02 पुल तथा 03 पथ ऊपरी पुल योजनाओं का विधिवत उद्घाटन किया गया है. साथ ही स्वीकृत योजनाओं में 1714 करोड़ राशि के 64 पथ एवं पुल योजनाओं का शिलान्यास किया गया है. नई ट्रेनें जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से राज्य को देश के अन्य क्षेत्रों से जोड़ा जा रहा है, जिससे लोगों को आवागमन की सुविधा में बढ़ोत्तरी हुई है.

### आठ लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ

सरकार आगामी 3 वर्षों में कुल 8 लाख परिवारों को राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना एवं पीएम आवास योजना से लाभान्वित करने जा रही है. इसी वित्तीय वर्ष में 2 लाख योग्य परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा. राज्य सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. निजी कम्पनियों के लिए अपने श्रम बल का 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को मुहैया कराना राज्य सरकार द्वारा आवश्यक किया गया है. राज्य भर में रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं एवं अब तक लगभग 27 हजार युवाओं को नियुक्ति प्रदान की गई है. सरकारी क्षेत्र में विभिन्न विभागों में 45 हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रियाधीन है.

# रघुवर दास के निजी सचिव मणींद्र कुमार चौधरी का निधन

संवाददाता।जमशेदपुर



पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के निजी सचिव के रूप में वर्ष 2000 से योगदान दे रहे मणींद्र कुमार चौधरी (74) का टाटा मेन हॉस्पिटल में शनिवार को लगभग 3 बजे निधन हो गया. ब्रेन स्ट्रोक होने पर प्रातः 3.30 बजे उन्हें टीएमएच लाया गया था. स्थिति नाजुक होने के बाद सीसीयू में बेड उपलब्ध नहीं होने के कारण लाइफ सपोर्ट के सहारे रखा गया था. डॉक्टरों की टीम ने जांच पड़ताल कर अपनी निगरानी में उनका इलाज शुरू किया. इसी क्रम में दोपहर 1 से 2 के बीच में दो बार हार्ट अटैक हो जाने से स्थिति और नाजुक हो गई.

बताते चलें कि मनींद्र कुमार चौधरी अपने समय के वरिष्ठ पत्रकार रह चुके है. रघुवर दास से मित्रता होने के चलते जब रघुवर दास दूसरी बार वर्ष 2000 में विधायक बने, तब उन्हें अपने जमशेदपुर कार्यालय में निजी सचिव के रूप में पदस्थापित किया और तब से आज तक रघुवर दास के विभिन्न पदों पर रहते हुए वो जमशेदपुर कार्यालय का सारा कार्य खुद देखा करते थे. वे जनता से और कार्यकर्ताओं जुड़ी समस्याओं का निदान रघुवर दास की आवाज बन कर करते थे. ओडिशा के राज्यपाल को जानकारी होने के पश्चात उन्होंने एयरलिफ्ट (एयर एंबुलेंस) से भुवनेश्वर ले जाने की तैयारी करवा दी थी, लेकिन डॉक्टर ने स्थिति नाजुक बता कर शिफ्ट करने के लिए मना कर दिया. रघुवर दास ने कहा कि 20 वर्षो के अधिक समय से सहयोगी के भूमिका में रहे मनींद्र कुमार चौधरी का चला जाना उनके लिए अपूरणीय क्षति है. परिजनों ने बताया कि रविवार को दिन में उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी. मनींद्र चौधरी अपने पीछे पत्नी, दो बेटा और एक बेटी का भरा पूरा परिवार छोड़ गए है.

# हमारी मरकजी अंजुमन उर्दू को लेकर गंभीर है : प्रो. वार्से


संवाददाता।रांची

अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड के जिला संयोजकों की ऑनलाइन मीटिंग डॉ यासीन अंसारी की अध्यक्षता में हुई. मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति प्रो अख्तरुल वासे ने केंद्रीय अंजुमन का पक्ष रखते हुए कहा कि हमारी मरकजी अंजुमन उर्दू को लेकर गंभीर है. हमें दूसरी भाषाओं विशेष कर हिंदी के साथ अपने रिश्तों को मजबूत कर उर्दू की लड़ाई को जम्हूरी और सेकुलर अंदाज में आगे बढ़ाना होगा. डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि झारखंड के 512 प्लस टू स्कूलों में उर्दू की यूनिट नहीं है, जिसके कारण उर्दू पढ़ने वाले बच्चे उर्दू पढ़ने से वंचित किए जा रहे हैं. प्रस्ताव पारित किया गया कि भाषाई संगठनों विशेषकर अंजुमन तरक्की उर्दू को झारखंड में मजबूत किया जाय. संयोजक एमजेड खान ने कहा कि प्रत्येक जिला को अंजुमन में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है. मौके पर रियाज खान, डॉ इंतेखाब आलम, सुलेमान जहांगीर, मो अंजार, अफजल अनीस, गुलाम समदानी, अमानुल्लाह, यासमीन लाल, अबूजर, रकीब रहमानी, तनवीर अख्तर रूमानी, मुफ्ती सईद, गुफरान अशरफी ने भी अपने विचार रखा. मौके पर 22 जिलों में 15 जिलों के संयोजक शामिल हुए.

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सीयूजे के वीसी करें हाईकोर्ट के आदेश का पालन

**रांची/दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीयूजे (झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय) की उस एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) को खारिज कर दिया है, जिसमें झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्यकारी अभियंता कुमार पंकज आनंद की बर्खास्तगी के आदेश को हाईकोर्ट के गलत करार दिया था. दरअसल झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ और डिवीजन बेंच ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता कुमार पंकज आनंद की बर्खास्तगी के आदेश को दुर्भावनापूर्ण और गैरकानूनी बताया था. अपने आदेश में हाईकोर्ट ने कहा था कि उन्हें प्रताड़ित किया गया था. इसलिए कुमार पंकज आनंद को उनके पद पर बहाल किया जाये. हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सीयूजे ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने पर कुलपति क्षितिज भूषण दास के खिलाफ अवमानना कार्यवाही जारी रखने का निर्देश दिया है.

# वनवासी कल्याण केंद्र ने मनाया नारी शक्ति दिवस



संवाददाता।रांची

वनवासी कल्याण केंद्र की रांची महिला समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को नारी शक्ति दिवस मनाया गया. नागा आध्यात्मिक एवं राजनीतिक नेत्री रानी मां गाइदिन्ल्यू की जन्म तिथि 26 जनवरी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा सम्पूर्ण भारत में नारी शक्ति दिवस मनाया जाता है, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया था.

इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रतिभा गोयल, राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत प्रचार प्रमुख जिज्ञासा ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह और राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबू ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए रानी मां गाइदिनल्यू ने नागालैण्ड में क्रांतिकारी आन्दोलन चलाया था. रानी गाइदिन्ल्यू का जन्म 26 जनवरी 1915 को मणिपुर के तमेंगलोंग ज़िले के नुंगकाओ गांव में हुआ था. वो नागा जनजाति की थीं. रानी गाइदिन्ल्यू कम उम्र में ही स्वतंत्रता की लड़ाई में कूद पड़ीं थीं. अपने भाई कोसिन व हायपोउ जदोनांग के साथ हेराका आंदोलन से जुड़ीं. इस आंदोलन का लक्ष्य अंग्रेज़ों को अपनी धरती से खदेड़ना था. जदोनांग की मृत्यु के बाद आंदोलन की बागडोर रानी के हाथों में आ गई. भारत को आजादी मिलने तक, 1933 से 1947 भारत की आजादी के बाद तक रानी गाइदिन्ल्यू को जेल में रखा गया. अंग्रेजों ने उनको गुवाहाटी, शिलांग, आइज़ोल, तुरा जेलों में रखा. ताकि उनका आंदोलन कमजोर पड़ जाए. 15 साल जेल में रहने के बाद जब भारत आजाद हुआ तब रानी गाइदिनल्यू को भी आजादी मिली. रानी गाइदिन्ल्यू को भारत सरकार ने 1982 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया. उनके सम्मान में 1996 में एक स्टाम्प, 2015 में एक सिक्का जारी किया. 17 फरवरी, 1993 को रानी मन का निधन हुआ. कार्यक्रम में संगीता दत्ता, पूनम गुप्ता, ममता सिन्हा, सीमा अग्रवाल, सरोज गुप्ता, देवनंदन सिंह, सुशील मरांडी, सुनील कुमार सिंह और अन्य लोग उपस्थित थे. मंच संचालन क्षेत्रीय महिला प्रमुख सुलेखा कुमारी ने किया.

**प्रयास सफल** प्रदूषण मुक्त होगा बड़ा तालाब, नागरिकों को मिलेगी राहत

# बड़ा तालाब के लिए सिवरेज प्लांट तैयार

रवि भारती।रांची



रांची शहर के लिए सांसद संजय सेठ के द्वारा किया गया एक और प्रयास सफल हुआ. अब अपर बाजार, किशोरगंज चौक सहित आसपास के क्षेत्र का गंदा पानी सीवरेज प्लांट के माध्यम से स्वच्छ होकर बड़ा तालाब में जाएगा. इसके लिए सीवरेज प्लांट तैयार है. इसका ट्रायल भी चल रहा है. बहुत जल्द इसका उद्घाटन होगा. शनिवार को सांसद संजय सेठ ने उपरोक्त सिवरेज प्लांट का निरीक्षण किया और उसकी कार्यप्रणाली को दिखा. पिछले कई वर्षों से स्वामी विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब) में आसपास के क्षेत्र का गंदा पानी बड़ी मात्रा में जा रहा है. इस वजह से बड़ा तालाब में प्रदूषण भी हो रहा है. इसका असर जलीय जीव जंतुओं के साथ-साथ आसपास के पर्यावरण पर भी देखने को मिल रहा है. सांसद संजय सेठ ने इसके लिए लगातार प्रयास किया कि तालाब का पानी स्वच्छ हो सके. इसी प्रयास की कड़ी में यहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हुआ है.

**हर दिन साफ 30 लाख लीटर पानी होगा साफ :** लगभग 8 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से यह प्लांट तैयार हुआ है, जहां प्रतिदिन 30 लाख लीटर पानी को साफ किया जाएगा. उसके बाद यह पानी बड़ा तालाब में जाएगा. इससे तालाब प्रदूषण मुक्त हो सकेगा. जलीय जीव जंतुओं के साथ-साथ आसपास रहने वालों को भी राहत महसूस होगी. पर्यावरण भी स्वच्छ हो सकेगा. अपने निरीक्षण के क्रम में सांसद संजय सेठ ने बताया कि यह प्लांट अभी ट्रायल पर चल रहा है. बहुत जल्द इसका उद्घाटन किया जाएगा. विगत कई वर्षों से बड़ा तालाब के प्रदूषित होने की जानकारी मिल रही थी. मैंने खुद भी कई बार इसके प्रदूषण को देखा है. इस वजह से बड़ा तालाब में बनी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष भी आने-जाने में लोगों को समस्या होती थी. सीवरेज प्लांट के माध्यम से पानी स्वच्छ होगा तो नागरिकों का आकर्षण बड़ा तालाब की तरफ फिर से बढ़ेगा. सांसद सेठ ने कहा कि ट्रीटमेंट करके पानी तालाब में डाला जाएगा, इससे तालाब भी प्रदूषण मुक्त हो सकेगा और क्षेत्र के लोग भी राहत की सांस ले सकेंगे.

पेज 01 का शेष

### राजनीति के संत कर्पूरी जी...

वे साधारण सी चप्पल पहना करते थे और हां, उनके कंधे पर एक सूती थैला भी हुआ करता था, जिसमें कुछ किताबें जरूर रहती थीं. फुर्सत मिलते ही वे पढ़ने में मशगूल हो जाते थे. ऐसे महान अध्यवसायी थे वे. संसदीय राजनीति की तमाम पुस्तकें वे पढ़ चुके थे और इसी कारण संसदीय विषयों में उन्हें महारत हासिल थी. यहां तक कि लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स में कब किसने क्या कहा, यह भी उनको याद रहता था. वे अंग्रेजी अच्छी तरह जानते थे, लेकिन राष्ट्रभाषा के प्रति प्रेम उनमें कूट-कूटकर भरा था. यह तो हर कोई जानता है कि 1988 में देहावसान के बाद वे अपने परिवार के लिए एक मकान तक नहीं छोड़ गए थे. किंतु समाजवाद की ऐसी पीठिका लिख गये थे, जिसके आगे के पृष्ठ लिखना आज की अवसरवादी राजनीति में चुनौतीपूर्ण कार्य है.

दूसरा तथ्य यह भी है कि उनकी जेब में पैसे नहीं होते थे. एक बार का किस्सा है. वे रांची आये और यहां से उनको रतलाम जाना था. हालांकि उन्होंने कुछ कहा नहीं, लेकिन हमलोगों को पता चला तो मैंने और मारवाड़ी कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल मेवाराम चैरसिया ने उनके जाने का प्रबंध किया और आग्रहपूर्वक उनकी जेब में थोड़े पैसे डाल दिये. दो अन्य घटनाओं का उल्लेख मैं करना चाहूंगा. 1982 में चांडिल (जमशेदपुर) के निकट तिरूलडीह गोलीकांड हुआ था, जिसमें दो छात्र मारे गये थे. इसके विरोध में हमलोगों ने चांडिल गोलचक्कर जाम किया था. पुलिस मुझे, सुरेश खेतान, निर्मल महतो आदि को पकड़कर ले गई थी. हम सरायकेला जेल में बंद कर दिये गये थे. कर्पूरी जी ने अपने बंदों को भेजा और हमलोगों को छुड़वाया. ऐसे ही मंडल कमीशन को लेकर हमलोगों ने कोडरमा में आंदोलन किया था. मुझको अच्छी तरह याद है कि उस समय हम 40 लोगों को, जिनमें पूर्व सांसद लालू उरांव भी शामिल थे, को पकड़ कर पुलिस ने झुमरीतिलैया में जेलबंद कर दिया. हमलोग महीना भर जेल में रहे. बाद में कर्पूरी जी स्वयं आये और हमलोगों को छुड़ाया. वे न केवल शिक्षक थे, अपितु अपने मित्रों, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों से प्रिय छात्र की तरह प्रेम करते थे. क्रोध तो उनको छू भी न पाया था. वे हमेशा प्रेम और नम्रता से बात करते थे. इसी कारण उनको गुदड़ी का लाल कहा जाता था. वे जिससे भी मिलते, उससे परिवार के सदस्य की तरह बातें करने लग जाते थे. जिसकी भी बातें अच्छी लगतीं, उसको शाबाशी देने मना ही करते थे. वे रिक्त हाथ थे, पर भाव सिक्त थे. कर्पूरी जी हालांकि राजनीतिक रूप से जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया से दीक्षित थे, किंतु अपने जीवन में वे महात्मा गांधी का आदर्श ही उतारते थे. बातचीत में वे अक्सर कहा करते थे कि जबतक समाज के पिछड़े और दबे-कुचले लोगों का उत्थान नहीं होगा, तब तक भारत को समृद्ध नहीं कहा जा सकता. इसी सोच के तहत उन्होंने अपने परिवार के लिए कुछ भी नहीं संजोया.

सन् 1942 में महात्मा गांधी के अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में ढाई साल जेल में बितानेवाल मसीहा कर्पूरी जी का फरवरी 1988 में जब देहावसान हुआ तो मुझे अच्छी तरह याद है, उनको श्रद्धांजलि देनेवालों की पटना जंक्शन से लेकर गांधी मैदान तक लंबी कतारें लग गई थीं. सच में वे संत जननायक थे. ऐसे महापुरुष को याद करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है. जिस समाजवाद के पौधे को उन्होंने संपोषित और पल्लवित, पुष्पित किया था, उसके पत्ते आज पीले पड़ गये हैं. आज जरूरत है फिर कर्पूरी जी जैसी विभूति की, जो समाजवाद के पेड़ को हरा भरा और छतनार कर सके.

समस्त झारखण्ड वासियो को गणतंत्र दिवस की हादिक शुभकामनाएं एंव जोहार


झारखण्ड रिन्युएबल इनर्जी डेवलपमेन्ट एजेन्सी (ज्रेडा), झारखण्ड सरकार, ऊर्जा विभाग

तृतीय तल्ला, एस.एल.डी.सी भवन कुसई कॉलोनी डोरंडा, राँची–834002

फोन संख्या–0651–2491161, फैक्स संख्या–0651.2491165, email : info@jreda.com


# ज्रेडा द्वारा शत-प्रतिशत राज्य अनुदान से समपोषित सौर ऊर्जा के माध्यम ग्रामीण विद्युतीकरण ( सोलर मिनी ग्रिड)

झारखण्ड राज्य के वैसे सुदुरवर्ती ग्रामों/टोलों जहाँ ग्रिड के माध्यम से विद्युतीकरण किया जाना अब तक संभव नही हो पाया है या वैसे ग्राम जिसको ग्रिड के माध्यम से विद्युतीकृत किया जाना भौगोलिक एवं तकनीकी दृष्टीकोण से उपयुक्त नही होने के कारण विद्युतीकृत किये जाने से वंचित रह गये हों को सोलर ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट के माध्यम से शत् प्रतिशत राज्य अनुदान पर विद्युतीकृत किये जाने की योजना राज्य सरकार द्वारा संचालित है।

ज्रेडा द्वारा ऐसे चिन्हित ग्रामों में मिनी/माईक्रो ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना कर Distribution Network के माध्यम से प्रत्येक घरों में न्यूनतम ऊर्जा की आपूर्ति एवं ग्रामीण सड़कों एवं गलियों में स्ट्रीट लाईट के माध्यम से विद्युतीकरण का कार्य शत् प्रतिशत राज्य अनुदान पर किया जा रहा है, विवरणी निम्वत् है:–

**Details of Solar Mini / Micro Grid Solar Power Plant under Jharkhand Government**

| Sr. No. | Name of District | Name of Block | Name of Village | HHs | Capacity (kWp) | Status of Solar Mini Grid Plant | Name of Agency |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sahibganj | Pathna | UrsaPahad | 125 | 30 | Plant installed | M/s Mahadev Enterprises, Ranchi |
| 2 | Sahibganj | Barhet | Dulmi | 240 | 73 | Plant installed | M/s Abhishek Solar Industries Pvt.Ltd, Ranchi |
| 3 | Sahibganj | Barhet | Mahua Thand | 133 | 35 | Plant installed | M/s Abhishek Solar Industries Pvt.Ltd, Ranchi |
| 4 | Sahibganj | Barhet | Hiranpur | 145 | 35 | Plant installed | M/s Abhishek Solar Industries Pvt.Ltd, Ranchi |
| 5 | Sahibganj | Pathna | Chapel Pahar | 92 | 23 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering , Ranchi |
| 6 | Sahibganj | Barhet | Karanghatti | 96 | 23 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering , Ranchi |
| 7 | Sahibganj | Barhet | Barmasiya | 240 | 60 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering , Ranchi |
| 8 | Sahibganj | Barhet | Basko Pahad | 160 | 40 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering , Ranchi |
| 9 | Sahibganj | Barhet | Teghra Pahad | 160 | 40 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering , Ranchi |
| 10 | Hazaribagh | Ichak | Gardine | 140 | 35 | Plant installed | M/s APS Power, Ranchi |
| 11 | Chatra | Simaria | Bargaon | 360 | 55 | Plant installed | M/s Static Enterprises, Ranchi |
| 12 | Simdega | Bano | Tarop tola | 50 | 20 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 13 | Simdega | Bano | Khapra tola | 40 | 14 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 14 | Simdega | Bano | Kadam tola | 50 | 20 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 15 | Simdega | Bano | Bar Tola | 40 | 20 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 16 | Chatra | Simaria | Kaslatu | 250 | 60 | Plant installed | M/s Renewable Power of India, Ranchi |
| 17 | Garhwa | Ramkanda | Suli(Goryakarma) | 76 | 20 | Plant installed | M/s Sonso lite infra and Power Solution |
| 18 | Chatra | Chatra | Masuriya Tanr | 240 | 61 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 19 | Chatra | Chatra | Bayh | 112 | 28 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 20 | Chatra | Kunda | Lalimati | 80 | 20 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 21 | Chatra | Lawalong | Arsal Tand | 80 | 20 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 22 | Garhwa | Bargarh | Chemo | 73 | 36.5 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 23 | Garhwa | Bargarh | Kutku | 64 | 32 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 24 | Garhwa | Bargarh | Saniya | 95 | 47.5 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 25 | Garhwa | Bargarh | Chapiya | 70 | 35 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 26 | Garhwa | Bargarh | Turer | 50 | 25 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 27 | Garhwa | Bargarh | Totaki | 60 | 30 | Plant installed | M/s Jai Mata Di & Company, Ranchi |
| 28 | Garhwa | Bargarh | Tumera | 43 | 21.5 | Plant installed | M/s APS Power, Ranchi |
| 29 | Garhwa | Bhandariya | Chapalsi | 50 | 25 | Plant installed | M/s APS Power, Ranchi |
| 30 | Garhwa | Chiniya | Palhe | 130 | 65 | Plant installed | M/s APS Power, Ranchi |
| 31 | Garhwa | Chiniya | Puregara | 60 | 30 | Plant installed | M/s APS Power, Ranchi |
| 32 | Garhwa | Chiniya | Side | 162 | 81 | Plant installed | M/s APS Power, Ranchi |
| 33 | Garhwa | Chiniya | Tandil | 68 | 35 | Plant installed | M/s APS Power, Ranchi |
| 34 | Sahibganj | Barhait | Budhi tola | 49 | 17 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 35 | Garhwa | Bargarh | Budhagram | 30 | 24 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 36 | Sahibganj | Taljhari | Bhatbhanga Pahad | 150 | 62 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 37 | Sahibganj | Taljhari | Dhogra Pahad | 101 | 40.5 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 38 | Sahibganj | Pathna | Metar(Rupa tola) | 69 | 29.5 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 39 | Sahibganj | Pathna | Piprajori | 40 | 16.5 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 40 | Sahibganj | Pathna | Gumapahar | 56 | 28 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 41 | Sahibganj | Barhait | Tiril Tola | 33 | 13.5 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 42 | Sahibganj | Barhait | Shanthali tola | 59 | 21 | Plant installed | M/s Vaishnavi Engineering |
| 43 | Sahibganj | Barhait | Kaldigora | 32 | 14.5 | Plant installed | M/s Solar Industries |
| 44 | Sahibganj | Taljhari | Chua Maqo | 27 | 13.5 | Plant installed | M/s Solar Industries |
| 45 | Sahibganj | Taljhari | Kochlo | 46 | 23 | Plant installed | M/s Solar Industries |
| 46 | Sahibganj | Taljhari | Leba Maqo | 24 | 12 | Plant installed | M/s Solar Industries |
| 47 | Sahibganj | Barhait | Pakri Pahar | 45 | 20.5 | Plant installed | M/s Solar Industries |
| 48 | Sahibganj | Barhait | Chukli Bedo | 52 | 24 | Plant installed | M/s Solar Industries |
| 49 | Garhwa | Bargarh | Khura | 81 | 40.5 | Plant installed | M/s Switcher |
| 50 | Garhwa | Bhandariya | Udki | 120 | 60 | Plant installed | M/s Switcher |
| 51 | Chatra | Huntergunj | Gossaidih(Tetariya) | 65 | 30 | Plant installed | M/s Switcher |
| 52 | Garhwa | Chiniya | Chamkali | 140 | 68.5 | Plant installed | M/s Switcher |
| 53 | Chatra | Huntergunj | Kullu(Harijan Tola) | 80 | 33.5 | Plant installed | M/s Switcher |
| 54 | Chatra | Simariya | Kurjahi | 52 | 24.5 | Plant installed | M/s Switcher |
| 55 | Sahibganj | Borio | Pokhariapahar | 33 | 16.5 | Plant installed | M/S Hridhaan Engineering |
| 56 | Mandro | Sahibganj | Komodari Pahar | 30 | 24.5 | Plant installed | M/S Hridhaan Engineering |
| 57 | Garhwa | Bargarh | Barkol Kalan | 40 | 20 | Plant installed | M/s Statcon Powtech |
| 58 | Garhwa | Bargarh | Polpol | 27 | 12.5 | Plant installed | M/s Sonso lite infra and Power Solution |
| | TOTAL CAPACITY (kWp) | | | | **1885.5** | | |

वर्णित किसी भी ग्राम में सोलर पावर प्लांट में कोई त्रुटि/अकार्यरत होने की स्थिति में सीधे संवेदक से सम्पर्क किया जा सकता है। संवेदक द्वारा कार्रवाई नही करने की स्थिति में ज्रेडा वेसाईट **www.jreda.com** के Grievance Section में अथवा हेल्पलाईन न0– **0651–3502645/3502644** अथवा ज्रेडा के ई–मेल **info@jreda.com** पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

उक्त के अलावा संबधित संवेदको से भी निम्न सम्पर्क संख्या से सम्पर्क किया जा सकता है।





## संवेदकों की सूची एवं सम्पर्क संख्या

| क्र0 | संवेदक का नाम | सम्पर्क संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महादेव इन्टरप्राईजेज, राँची | 6206860552 |
| 2. | अभिशेक सोलर इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0, राँची | 9431103421 |
| 3. | वैष्नवी इन्जीनियरिंग, राँची | 7992474030 |
| 4. | ए0पी0एस0 पावर, राँची | 9525110371 |
| 5. | स्टैटिक इन्टरप्राईजेज, राँची | 7979074035 |
| 6. | जय माता दी एण्ड कम्पनी, रामगढ़ | 7250774971 |
| 7. | रिन्यूएबुल पावर ऑफ इन्डिया, राँची | 9608666481 |
| 8. | सनसोलाईट इन्फ्रा एण्ड पावर सौल्यू ान प्रा0 लि0, राँची | 9334748534 |
| 9. | स्वीचर, राँची | 8986647691 |
| 10. | हृधान इन्जीनियरिंग | 8210130395 |
| 11. | स्टैटकॉन पावरटेक प्रा0 लि0, नोयडा | 8800808375 |
| 12 | सोलर इन्डस्ट्रीज राँची | 9431109268 |







नोटः– संवेदको द्वारा संतोषप्रद समाधान नहीं देने की स्थिति में ज्रेडों को अविलंब सुचित करें।।

**निदेशक ज्रेडा**

# जीवन अच्छा हो जाएगा, मुश्किल अबकी बेर घटेंगे!




## कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


**कविता** सहृदय मानव की सहज अभिव्यक्ति है. इसमें सुर है, ताल है, छंद है, तुक है, लेकिन छल और प्रपंच नहीं है. पाखंड नहीं है. कविता का शुभारंभ उस दिन ही हो जाता है, जब नवजात शिशु 'कहां हैं-कहां हैं' छंद के उच्चारण के साथ रोता है. उसका छंद जो सुनता है, वह आनंदविभोर हो जाता है. युवावस्था पहुंचते-पहुंचते तो कविता ऐसी व्याप्त हो जाती है कि हर युवक कवि और हर युवती कवयित्री हो जाती है. कविता जीवन में आशा के दीप जलाती है, नयी उमंग भरती है. कुछ गलत न हो जाये, इसके लिए आगाह करती है. विपदा के समय आंसू पोंछती है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है, इस रूप में-जो बीत गयी सो बात गयी. धन्य हैं वे, जो कविता के साधक हैं, आराधक हैं. धन्य हैं वे कवि, जिनके शब्दों में चमत्कार है. जो दूसरों के कष्ट और विवशताओं को देखकर अपने संकट को भूल जाते हैं. साथ ही समाज की उन विद्रूपताओं पर निर्भीकतापूर्वक प्रहार करने में विलंब नहीं करते और इस कार्य में उनका साथ निभाती है यही कविता. दिल्लीवासिनी कवयित्री **शालिनी खन्ना** प्रतिभाओं को लेकर दुःखी हैं, जो कई प्रकार की मजबूरियों के प्रहार को झेल नहीं पातीं और असमय ही दम तोड़ देती हैं. इनकी कविता का शीर्षक है-मज़बूरियां.



कितनी ही प्रतिभाएं हर रोज़,
दफन हो जाती यहां कुछ को तो अभिव्यक्ति की
स्वतंत्रता ही नहीं हलक तक आकर
रुक जाते हैं शब्द उनके चाहकर भी बोल नहीं पाती
मौन रह जाती हैं संस्कारों की बेड़ियों में जो
होती हैं जकडी हुई..
कुछ तो वे हैं जिनकी योग्यताएं दब चुकी होती है
उबलते दूध और कुकर की सीटियों के बीच
सैंडविच बनी हुई रहती गृहस्थी के कार्यों में उलझी
छोटे भाई-बहनों को पालती संभालती
असमय बीमार मां की जिम्मेदारियों को निभाती..
और कुछ वे भी हैं,
घर के खर्चे चलाने के क्रम में अपने तार-तार होते सपनों को
नोंच उतार फेंक डालती हैं और उलझकर रह जाती पुनः
गोबर और उनसे बनते उपलों में उसे बनाने, सुखाने ,
और बाज़ार तक बेच आने में हर दिन के घर के खर्चे
जो चलाने होते हैं उसे बिन मां की और पियक्कड बाप की
उस पहली संतान को..
कुछ वे भी होती हैं,
जो प्रतिवाद नहीं कर पातीं अपनी खुद की ज़िन्दगी के फैसले का
और झोंक दी जाती है हस्थी के जंजाल में
रह जाती है कसमसाकर उस मकडजाल में
हाथ-पांव चलाती रहती निकलने की कोशिश में ताउम्र...




शालिनी जी का झारखंड से गहरा रिश्ता रहा है. इन्होंने धनबाद में अपने जीवन का बड़ा भाग व्यतीत किया है. साहित्य के साथ ही ज्योतिष विद्या में भी पारंगत हैं. ऐसी ही व्यक्तित्व हैं रांची में निवास करने वाली सुप्रसिद्ध कवयित्री **रेणु त्रिवेदी मिश्रा**. इनके व्यक्तत्व के भी दो पहलू हैं-पहला अध्यापिका और दूसरा कवयित्री. इन्होंने दोनों पहलुओं में अद्भुत संतुलन बना रखा है. काव्य रचना में ऐसी सिद्धहस्त कि इनकी छंदमयी कविताओं के साथ ही गजलें सुननेवालों को चमत्कृत कर देती हैं. आइए देखते हैं इनकी ये गजलें-




कोई सुलझा दे आके पहेली ज़रा,
पढ़ ले कोई मेरी भी हथेली ज़रा.
वज़ क्या है, छलकती तेरी आंख क्यों
पूछ ले आके कोई सहेली ज़रा.
कितनी मासूम सी बात कह के गया,
मिलना महफिल में मुझसे अकेली ज़रा.
मांग में टांक लूंगी सितारे सनम,
जूड़े में टांक दो तुम चमेली ज़रा.
एक अर्सा हुए उसको देखे हुए,
देखने दो पुरानी हवेली ज़रा.
उनसे मिलकर के ख्वाहिश जवां हो गई
लग रही जैसे दुल्हन नवेली ज़रा

रेणु जी की दूसरी गजल भी इतनी ही सहजता पूर्वक पाठकों और श्रोताओं से घुल-मिल जाने तथा उतना ही भाव-विभोर करने की क्षमता रखती है. अपनी दूसरी गजल में रेणु जी कह रही हैं-

दिल से दिल का रहा वास्ता इसलिए
कर दिया शुक्रिया आपका इसलिए
कोई पत्थर पिघल जाए सुनकर इसे
अश्क ने आज सब-कुछ कहा इसलिए
शर्म आये तो पढ़ ले मेरी आंख भी
हाथ पर नाम तेरा लिखा इसलिए
ख़्वाब में बात मीठी बहुत उसने की
मांगकर ले गया वो पता इसलिए
मैंने चाहा तुम्हें बस गुनह ये किया
दीजिए, दीजिए अब सज़ा इसलिए
कुछ नया वो छुपाये हुए आज है
लोग रेणु को देते सदा इसलिए

इसमें लोगों की क्या गलती है? अगर आप इतनी अच्छी गजलें लिखेंगी तो वाह-वाह के रूप में लोगों की सदाएं तो आप तक पहुंचती ही रहेंगी. कविता ने प्रेम को जम कर अभिव्यक्ति दी है. आदि काल से लेकर वर्तमान तक यही रीति रही है कि प्यार की सरिता में डूबकी लगाते ही कविता सवार हो जाती है-मैं कहीं कवि न बन जाऊं, तेरे प्यार में ऐ कविता. रांची की कवयित्री **लोकृति गुप्ता अनोखी** की इस कविता में संयोग शृंगार के साथ प्रेम का चित्रण कुछ इस प्रकार हुआ है.



मैं कालिख इक दाग सा, तू घी सी गोरी चिकनी है
हम दोनों मिल काजल बनें बस आरजू दिल की इतनी है
जो जीना पड़े तुझ बिन तो उस दिन मर ही जाएंगे
तेरे संग जीने की खातिर रब से लड़ भी जाएंगे
मैं पानी हूं सादा सा तू मीठी मिश्री जितनी है
हम दोनों मिल शरबत बने बस आरजू दिल की इतनी है
कि मुझ बिन तू अधूरी है और तुझ बिन मैं अधूरा हूं
तेरे संग नाम जुड़ता है मैं होता तब ही पूरा हूं
मैं कड़क हूं कुल्हड़ सा तू अल्हड़ चाय जितनी है
हम दोनों मिल चुस्की बनें बस आरजू दिल की इतनी है
जो सोंधी सी मैं माटी हूं तो तू मेरी मिठास है
तुझसे मिलने को हर पल रहती मन में आस है.

अनोखी जी अनोखे व्यक्तित्व की स्वामिनी हैं. ये साहित्यकार तो हैं ही, मंच की सधी ही हुई कलाकार भी हैं. संगीत में भी इनकी गहरी अभिरुचि रखती हैं. आशा ही जीवन है, इस मंत्र में पूरा विश्वास रखती हैं और सामने वालों को निराशा से दूर रखने का प्रयास करती हैं. कुछ ऐसी प्रवृत्ति सिद्धि और प्रसिद्धि प्राप्त रांची के साहित्यकार और कवि **नीरज नीर** की रचनाओं में स्पष्टतः अनुभूत होती है. इसका उदाहरण है उनके द्वारा विरचित यह कविता, जिसका शीर्षक है-नया साल खुशियां लाएगा.



अच्छे दिन की उम्मीदों में कटे उम्र के दिन कितने ही
जीवन पुस्तक के पृष्ठों पर दुख पढ़ता हूं अब उतने ही
नये साल के आगमन से दु:ख पंछी के टेर घटेंगे
जीवन अच्छा हो जाएगा मुश्किल अबकी बेर घटेंगे
मैं अपने रस्ते जाऊँगा दु:ख अपने रस्ते जाएगा
पाषाणों के तप्त गर्भ से नवकोंपल बाहर आएंगे
अग्निशिखा के उद्दीपन से परिवर्तन लिखे जाएंगे
मानव हित में नये साल में कुछ गीत रचूं ऐसा होगा
जीवन जितना पढ़ पाया कुछ और पढ़ूं ऐसा होगा
सब युद्ध ख़त्म हो जाएंगे बस प्रेम शेष रह जाएगा .

कविवर नीर जी साहित्य की विविध विधाओं में सफलता पूर्वक रचना कर रहे हैं और देश की विभिन्न प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में सम्मान जनक स्थान पाते रहे हैं. कहानियों के लिए कई संस्थाओं की ओर से सम्मानित भी किये जा चुके हैं. नीर जी के साथ ही उन सभी कवियों और पाठकों का मैं आभारी हूं, जिन्होंने कविता कलम स्तंभ को प्यार दिया. इन्हीं शब्दों के साथ अलविदा! जय हिंद!! जय झारखंड!!!

# स्वास्थ्य सेवा की चुनौतियां और झारखंड





## चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**हाल** में भारत ने अपना पचहत्तरवां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे धूमधाम से बनाया. आज पूरा देश दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है. पूरे देशवासी एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं. हमने बीसियों क्षेत्र में भी अभूतपूर्व सफलता हासिल की है. हमारे देश के नागरिक खाद्यान्न के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं. हमारे देश की लाखों प्रतिभाएं पूरी दुनिया में इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक , प्राध्यापक के रूप में कार्य कर रहे हैं. बहुत सारे लोग तो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रमुख के रूप में भी सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं. प्रतिवर्ष साढ़े सात लाख इंजीनियर शिक्षित होकर निकलते हैं. लगभग एक लाख डॉक्टर भी प्रतिवर्ष प्रशिक्षित होकर निकल रहे हैं. औद्योगिक उत्पादन में तो भारत दुनिया के शीर्षस्थ देशों में एक है. हम बहुत आगे निकल चुके हैं. सोचने की बात है कि क्या हमें अपनी सफलता पर आत्म-संतुष्ट हो जाना चाहिए? प्रायः नहीं! विश्व के विश्वविद्यालयों में भारत के किसी भी विश्वविद्यालय का नाम पहले पचीस में नहीं है. यह अलग बात है कि इन्हीं कॉलेज से निकल कर दसों लाख लोग पूरी दुनिया में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हैं. पूरे उत्तर भारत में प्राथमिक शिक्षा का स्तर चिंतनीय है. सरकारी स्कूलों की शिक्षा का स्तर तो दयनीय है. शिक्षकों की योग्यता संदेहास्पद रहता है. उनकी योग्यता का आधार उनकी जाति धर्म आदि अवयव होते हैं! पढ़ाने की उनकी जिम्मेदारी अंतिम होती है. सारे मतदान करवाने से लेकर मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, राशन के खाली बोरों को बेचना, टीकाकरण करवाना, जनगणना करना इत्यादि! बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्हें वक्त ही नहीं मिलता है! उन्हें अपनी योग्यता पर प्रायः भरोसा नहीं होता! अक्सर ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों और विद्यार्थियों के अल्पज्ञान की खबरें अनेक चैनलों पर दिखाई जाती हैं. आप याद करें भले ही क्लासरूम में इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड नहीं था, पर शिक्षकों की योग्यता और व्यक्तित्व छात्रों पर जीवन पर्यंत प्रभाव छोड़ता था! आज़ादी के बाद के पचीस साल तक सिर्फ शैक्षणिक रूप से कमज़ोर विद्यार्थी ही ट्यूशन पढ़ने जाते थे. अब स्थिति बिल्कुल विपरीत है! एक और बात! प्रतिवर्ष करीब दस लाख भारतीय विद्यार्थी विदेश के कॉलेजों में पढ़ने जाते हैं. इस प्रकार देखें तो प्रतिवर्ष सैकड़ों करोड़ रुपयों का विदेशी मुद्रा खर्च होता है. क्या हमारे देश के कॉलेज इतने स्तरहीन हो गए हैं? आपको प्रायः विश्वास न हो पर सच मानिए कि झारखंड सरकार द्वारा बार बार विज्ञापन के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं! कोई भी तब तक यहां एमबीबीएस के बाद नौकरी करना नहीं चाहता. कठिन प्रवेश परीक्षा में चयन के बाद छह साल की कठिन पढ़ाई के बाद वर्ग- दो के राजपत्रित कर्मचारी के रूप में कार्य करना उसे बहुत तौहीन लगती है. अगर मजबूरी में नौकरी शुरू भी की तो पहला अवसर मिलते ही छोड़ देते हैं. फिर राज्य के निवासियों के स्वास्थ्य की स्थिति की आप कल्पना ही कर सकते हैं! राजनीतिज्ञों का अत्यधिक हस्तक्षेप भी एक बड़ा कारण है! सोचिये कि स्थिति बेहतर कैसे हो !

# झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी वैद्यनाथ धाम



## यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**नागपुर** भारतीय संस्कृति में तीन देवों की परिकल्पना (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) अपने आप में शिष्ट और विशिष्ट है. ब्रह्मा निर्माण कर्ता, विष्णु पालन कर्ता और महेश संहार कर्ता हैं, लेकिन लोक में शिव कल्याण के कर्ताधर्ता माने जाते हैं.शिव की महिमा अपरंपार है. भारतवर्ष में 12 ज्योतिर्शिवलिंग हैं और उन्हीं में से एक है वैद्यनाथ, जिन्हें कामना लिंग भी कहा जाता है, जो झारखंड के देवघर में अविस्थत हैं. बाबा वैद्यनाथ के चलते ही देवघर को वैद्यनाथ धाम कहा जाता है. देवघर में शिव का अत्यन्त पवित्र और भव्य मन्दिर स्थित है. हर वर्ष सावन के महीने में स्रावण मेला लगता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु ₹बोल-बम !₹ ₹बोल-बम !₹ का जयकारा लगाते हुए बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने आते हैं.


वैद्यनाथ धाम का इतिहास अत्यंत रोचक है. पुराणों के अनुसार एक बार लंकापति राक्षसराज रावण ने हिमालय पर जाकर शिवजी की प्रसन्नता के लिये घोर तपस्या की और अपने सिर काट-काटकर शिवलिंग पर चढ़ाने लगा. एक-एक करके नौ सिर चढ़ाने के बाद दसवां सिर भी काटने ही वाला था कि शिवजी प्रसन्न होकर प्रकट हो गये. उन्होंने उसके दसों सिर ज्यों-के-त्यों कर दिये और उससे



वरदान मांगने को कहा. रावण ने लंका में जाकर उस लिंग को स्थापित करने के लिए उसे ले जाने की आज्ञा मांगी. शिवजी ने अनुमति तो दे दी, पर इस चेतावनी के साथ दी कि यदि मार्ग में इसे पृथ्वी पर रख देगा तो वह वहीं अचल हो जाएगा. अन्ततोगत्वा वहीं हुआ. रावण शिवलिंग लेकर चला पर मार्ग में एक चिताभूमि आने पर उसे लघुशंका निवृत्ति की आवश्यकता हुई. रावण उस लिंग को एक व्यक्ति को थमा लघुशंका-निवृत्ति करने चला गया. इधर उस व्यक्ति ने ज्योतिलिंग को बहुत अधिक भारी अनुभव कर भूमि पर रख दिया. फिर क्या था, लौटने पर रावण पूरी शक्ति लगाकर भी उसे न उखाड़ सका और निराश होकर मूर्ति पर अपना अँगूठा गड़ाकर लंका को चला गया. इधर ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओं ने आकर उस शिवलिंग की पूजा की. शिवजी का दर्शन होते ही सभी देवी देवताओं ने शिवलिंग की वहीं उसी स्थान पर प्रतिस्थापना कर दी और शिव-स्तुति करते हुए वापस स्वर्ग को चले गये.

देवघर में विगत 21 वर्षों से राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन होता रहा है और इसके संकल्पक और व्यवस्थापक विश्व भारती शांति निकेतन के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चन्द्र राय हैं. उनके निमंत्रण पर पुस्तक मेला में भाग लेने के लिए जाता रहा हूं. इस वर्ष का देवघर जाना कई मायने में शिष्ट और विशिष्ट रहा है. इस बार मेरे साथ इस देवघर यात्रा के साक्षी बने खांडवा से आए हुए सुप्रसिद्ध ललित निबंधकार डॉ. श्रीराम परिहार. डॉ. परिहार हिंदी के जाने-माने विद्वान और ललित निबंधकार हैं. 20 जनवरी 2024 को पाटलिपुत्र एक्सप्रेस से चलकर 21 जनवरी 2024 को हमलोग देवघर पहुंचे. मेला समिति की ओर से देवघर के सिद्धार्थ होटल में ठहरने की व्यवस्था थी. प्रातः तैयार होकर हमलोग 9 बजे मंदिर परिसर में पहुंच गये. फूल पत्ती और गंगाजल लेकर हमलोग सामान्य पंक्ति में शिव दर्शन के लिए लग गये. लगातार शिव की जय के नारे लग रहे थे. हमलोग धीरे-धीरे मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे, जहां दर्शनार्थियों की ठेलम ठेल थी, लेकिन शिव कृपा से हमलोगों ने इत्मीनान से जलाभिषेक किया और माथा भी टेका और उनसे मंगल की कामना की, क्योंकि एक मात्र महादेव ही ऐसे देव हैं, वैद्यनाथ धाम 12 ज्योतिर्लिंगों और 51शक्ति पीठों में एक है. कहा जाता है कि सती का हृदय यहां गिरा था. यहां मंदिर परिसर में ही पूजादि का सारा सामान मिल जाता है. कहा जाता है कि वैद्यनाथ शिवलिंग रावण द्वारा कैलाश से लाया गया था. लिंग मूर्ति ऊंचाई में बहुत छोटी है. आधार पीठ से इसका उभार बहुत कम ही है. श्रीवैद्यनाथाय मंदिर परिसर में 21 छोटे छोटे मंदिर और हैं. यहां आसपास के दर्शनीय स्थलों में शिव गंगा सरोवर, तपोवन मंदिर, नौ लखा मंदिर, त्रिकूट पहाड़, नंदन पर्वत और 40 किलों मीटर दूर पर वासुकी नाथ का मंदिर भी है. हमलोगों ने सभी के दर्शन किये और सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना की.

# उपसर्गवादी और प्रत्ययवादी



## नश्तर

सुधीर राघव

**एक** थे पंडित तोताराम. इलाके में विख्यात थे. भविष्यवाणी करते थे. एकदम सटीक. उनकी भविष्यवाणी इतनी नपी तुली होती कि ग़लत निकलने की गुंजाइश न बचती. दूर दूर तक उनके चर्चे थे. ...क्या होगा, जिसके भी मन में यह सवाल उठता, पंडित तोताराम के पास दौड़ा आता. आलम यह था कि उनके भक्तों की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई थी. भविष्यवाणी की शुरुआत अक्सर घर से हो जाती. दंत किटकिटा जाड़े में पंडिताइन उठते ही पूछ लेती, क्यों जी? आज धूप निकलेगी? पंडित तोताराम दोनों आंखें बंद करते, एक गहरी ठंडी सांस लेते और बेहद गंभीर स्वर में कहते, आज धूप निकल भी सकती है और नहीं भी निकल सकती! यह जवाब सुनकर पंडिताइन गर्वपूर्ण मुद्रा में देखती और धन्य हो जाती. उसके बाद कामकाज निपटाकर पंडिताइन गली में पड़ोसिनों की मंडली-चर्चा में बैठ जाती. इस मैराथन चर्चा के दौरान कहीं धूप निकल आती तो पंडिताइन खुशी से हाथ उछालकर कहतीं- हमारे पंडीजी की बात फिर सच हो गई. वह सुबह ही हमसे बोले थे कि आज धूप निकल भी सकती है. इस तरह पंडित तोताराम का प्रचार रोज घर के स्तर से शुरू होता और फिर मोहल्ला स्तर तथा गांवस्तर से होते हुए दस-बीस गांव तक पहुंच जाता. गैंडामल की मां पंडित जी को मोटी दक्षिणा देने आई थी. उसकी बहू को लड़का हुआ था. पंडित तोताराम ने छह महीने पहले ही गैंडा की मां के पूछने पर बता दिया था कि लड़का होगा या फिर लड़की भी हो सकती है. गैंडा की मां प्रसन्नता से पूरे गांव को बता रही थी कि पंडीजी की भविष्यवाणी एकदम सही निकली. उन्होंने कहा था लड़का होगा. पंडीजी की पहली बात ही हमेशा सही निकलती है. हालांकि पंडित तोताराम के शिष्यों में इस बात को लेकर मतभेद थे कि उनकी भविष्यवाणी का कौन-सा हिस्सा सही निकलता है. सबके अपने अनुभव थे. कुछ का मानना था कि पंडीजी की भविष्यवाणी का पहला हिस्सा सही होता है, जबकि कुछ का मानना था कि दूसरा हिस्सा सही होता है. इस तरह तोताराम के भक्त दो हिस्सों में बंट गये थे. भविष्यवाणी के पहले हिस्से को सही मानने वाले खुद को उपसर्गवादी और दूसरे हिस्से को सही मानने वाले खुद को प्रत्ययवादी कहते.



दोनों गुटों के बीच अक्सर विवाद होते और झड़प में बदल जाते. लोग तोताराम से जब पूछते कि तुम्हारे भक्तों के झगड़े कब रुकेंगे तो वह गहरी सांस भरकर कहते- रुक सकते हैं और नहीं भी रुकेंगे. जंगल में चुनाव आ रहे थे. केलोबेलो टीवी चैनल के चुनाव चर्चा पैनल में भविष्यवक्ता के रूप में पंडित तोताराम भी आमंत्रित थे. एंकर ने तोताराम से पूछ लिया - बताइये क्या राजा गधा ही यह चुनाव जीतकर कुर्सी पर काबिज रहेंगे? पंडित तोताराम ने आंखें बंद कीं. एक लंबी-ठंडी सांस ली और गंभीर स्वर में बोले - गधा फिर से जीत भी सकता है और नहीं भी जीत सकता! इस चर्चा का प्रसारण होते ही उपसर्गवादियों और प्रत्ययवादियों में जबरदस्त बहस छिड़ गई और जंगल में कई जगह दंगे हो गये.

# अनुज की कलाकृतियों में गतिशील जीवन की झलकी




## कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार









**कला** इतिहास के साक्ष्यों के अनुसार हमेशा कलाकार चले आ रहे वादों के प्रतिकूल अपनी-अपनी अभिव्यक्तियों का मूर्तरूप प्रदान करते आये हैं. तब एक नई कला का जन्म होता है. आज झारखंड के कुछ प्रतिष्ठित कलाकारों ने नई पृष्ठभूमि तैयार करने और कला में स्पंदन लाने के लिए अपनी कल्पनाओं को कलाकृतियों के माध्यम से मूर्तरूप दे रहे हैं. इनमें से एक हैं- अनुज कन्डुलना. कला के प्रति इनकी रुचि बचपन से थी. बचपन से ही इन्हें पेंटिंग बनाना या मिट्टी से खेलना और उससे कुछ बनाना अच्छा लगता था. कला के प्रति यही रुचि आगे चलकर इनकी दिनचर्चा बन गई. 2008 में ये जेकब खलखो के मार्गदर्शन में रांची की वरिष्ठ कलाकार शर्मिला ठाकुर से मुलाकात की और उनके मार्गदर्शन में ही इन्होंने कला की तकनीकी बारीकियों को सीखना और समझना शुरू किया. वर्ष 2012 में रांची के वरिष्ठ कलाकार हरेन ठाकुर मेकॉन लिमिटेड कपनी में सक्रैप मेटल द्वारा कलाकृतियों का निर्माण कर रहे थे तो उन्होंने इन्हें साथ में कार्य करने का अवसर दिया. उनके साथ भी इन्होंने कला के आनंद व गंभीरता को समझने का प्रयास किया. 1014 में शर्मिला ठाकुर और हरेन ठाकुर के मार्गदर्शन में कला विश्वविद्यालय में दाखिला लिया. इंदिरा गांधी संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में कला की बारीकियों और तकनीकियों को सीखने और समझने की कोशिश की. बैचलर की डिग्री प्राप्त कर आज स्वतंत्र कलाकार के रूप में कार्य कर रहे हैं, साथ ही काड्र्स ग्रुप रांची के सदस्य भी है. काड्र्स कलाकारों का एक समूह है. इस ग्रुप में कला से जुड़ी गतिविधियों को सामूहिक रूप से मिलकर किया जाता है. इसमें सामूहिक कला शिविर, प्रदर्शनी खासकर झारखंड में कला को प्रोत्साहित करने के लिये और समाज में संदेश पहुंचाने के लिये यह ग्रुप कार्य करती है, जिससे झारखंड व देश में सामाजिक विकास और कला को बेहतर और नया आयाम मिल सके.





इनकी कलाकृतियों में मनुष्य के अस्त व्यस्त और गतिशील जीवन और मां बच्चों के मध्य ममता भरे जीवन की झलक दिखाई पड़ती है. ऐसी कलाकृतियां इन्हें जीवन में भावुकता, गंभीरता और आनंद भरे क्षण प्रदान करती हैं. वर्ष 2023 में ललितकला अकादमी द्वारा दिल्ली में जी 20 के अवसर पर स्क्रैप मेटल स्कल्पचर कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें 9 फुट ऊंची रेड विंग बर्ड तुर्की की 3डी कलाकृति बनाने का इन्हें अवसर मिला, इस कैंप में देश के कई राज्यों के कलाकारों ने भाग लिया था. इस कलाकृति को दिल्ली के चाणक्यपुरी वेस्ट वंडर पार्क में स्थापित किया गया. इनकी एक कृति मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 3 डी प्रतिमा है, जिसे फाइबर ग्लास माध्यम से बनाई गई है. यह प्रतिमा रांची स्थित रिंग रोड के भूसुर चौक में स्थापित की गई है. ऐसी ही इनकी एक कलाकृति उडी स्कल्पचर है जो 12 फीट ऊंचा मार्बल का है. यह एक मेमोरियल स्टोन है, जिसे 100 वर्ष के अवसर पर जी ई एल चर्च हेसाग में स्थापित किया गया है. अनुज कन्डुलना के सधे हाथों ने जो भी कलाकृति उकेरे हैं, वे वास्तव में वर्षों की कठिन साधना का प्रतिफल ही है तभी तो इनकी कला व्यापक वास्तविकता की तलाश करती है. वैसे देखा जाए तो अनुज कन्डुलना की कलाकृतियां अपनी व्याख्या खुद से करने में सक्षम है.

# आखर

हम लकीरें कुरेद कर देखें / रंग लाएगा क्या ये साल नया...कुछ इसी उम्मीद, कुछ इसी अंदाज के साथ नए साल का आगाज झारखंड के साहित्यकारों ने किया. पहला महीना राजधानी रांची समेट पूरे झारखंड में साहित्यिक गतिविधियों के नाम रहा. ज्यादातर कार्यक्रम में स्थानीय साहित्यकारों ने एक -दूसरे को सुना-सराहा. कुछ कार्यक्रम बड़े स्तर पर हुए जिसमें बाहर के कुछ दिग्गज साहित्यकारों ने भी शिरकत की. आइए जनवरी माह के कुछ प्रमुख साहित्यिक गतिविधियों पर डालें एक नजर.

**विपरीत परिस्थितियों में कलम की जिजीविषा को जब वक्त के खाते में दर्ज किया जाएगा, यकीनन झारखंड के साहित्यकारों की मौजूदगी वहां दिखेगी. प्रोत्साहन-संरक्षण-संसाधन की अनुपलब्धता में उनकी कलम जिस तरह अनवरत चल रही, देश विदेश की पत्रिकाओं में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर रही, वह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. साल की शुरुआत कंपकंपाती ठंड के साथ हुई जब लिहाफ और बंद कमरे में लोग सुकून सहुलियत तलाशते रहे. लेकिन साहित्यकार इस प्रतिकूल मौसम में भी सक्रिय दिखे.**

# वक्त के खाते में दर्ज होगी कलम की यह जिजीविषा





## आकाशवाणी का सर्वभाषा कवि सम्मेलन

शुरुआत हुई आकाशवाणी के सर्वभाषा कवि सम्मेलन से. आकाशवाणी रांची के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही कि रांची में पहली बार पांच जनवरी को सर्व भाषा कवि सम्मेलन का आयोजन आकाशवाणी की प्रधान महानिदेशक डा. वसुधा गुप्ता की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आमंत्रित श्रोताओं के समक्ष हुआ. इस कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर से लेकर केरल तक और मणिपुर से गुजरात तक के कविगण शामिल हुए. बड़ी संख्या में झारखंड के कविता प्रेमी श्रोताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को भव्य व यादगार बनाया. गणतंत्र दिवस के मौके पर रात दस बजे आकाशवाणी दिल्ली से इसका प्रसारण हुआ.

## अरुण कमल और बद्रीनारायण का कविता पाठ



10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस पर भारतीय रिजर्व बैंक (क्षेत्रीय कार्यालय, रांची) की ओर से होटल हॉलीडे होम में साहित्योत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में साहित्य अकादमी से पुरस्कृत दो साहित्यकारों अरुण कमल और बद्री नारयण की कविताओं को सुनने का सौभाग्य झारखंड के श्रोताओं को मिला. अरुण कमल की अन्य कविताओं के साथ अपनी केवल धार को एक बार फिर आमने-सामने सुनना तृप्तिदायक रहा-

अपना क्या है इस जीवन में
सब तो लिया उधार
सारा लोहा उन लोगों का
अपनी केवल धार.

वहीं भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी ने अपनी प्रसिद्ध कविता छाता सुना कर लोगों को एक बार फिर निःशब्द कर दिया-

सोचता हूं
मैं लूंगा तो एक आसमान
कि जिसमें सब आ जाए
और बाहर खड़ा भीगता रहे
बस मेरा अकेलापन.

कार्यक्रम में सांसद महुआ माजी बतौर वक्ता मौजूद थीं और उन्होंने लोक भाषा व लोक संस्कृति पर चर्चा के बहाने झारखंड की लोक भाषा की समृद्धि की सप्रासंगिक व्याख्या की.

प्रभा खेतान फाउंडेशन की ओर से और पूनम आनंद के संयोजन में आयोजित नियमित गोष्ठी में जनवरी माह के अतिथि साहित्यकार थे मुंबई के दिव्य दुबे. 11 जनवरी को रांची के होटल बीएनआर चाणक्य में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्य दुबे की नवीनतम किताब "यार पापा" पर चर्चा हुई. साक्षात्कारकर्ता सीमा सिंह ने साहित्यकार से समकालीन साहित्यिक परिवेश और साहित्यकारों की भूमिका पर भी चर्चा की. इस मौके पर झारखंड के गणमान्य साहित्यकार मौजूद रहे.




## जमशेदपुर में ये गतिविधियां



जमशेदपुर में तुलसी भवन की ओर से 12 जनवरी को संस्थान के मुख्य सभागार में युगद्रष्टा स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती पर रामराज्य और संविधान विषय पर "विचार साधना सत्र" कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्य कारखाना निरीक्षक अरुण कुमार मिश्र तथा संचालन डॉ प्रसेनजित तिवारी ने किया. मुख्य अतिथि अश्विनी उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो रहे. मंचासीन अन्य लोगों में तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, मुरलीधर केडिया, अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका, संयोजक धर्मचन्द्र पोद्दार भी रहे.

19 जनवरी को एक मीडिया हाउस और तुलसी भवन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'श्रीरामोत्सव का वृहद आयोजन किया गया, जिसमें 'विषय - 'सबके राम ' पर विद्वान वक्तागणों ने अपने- अपने विचार रखे जिनमें प्रमुख थे - दिव्येन्दु त्रिपाठी, डा गंगाधर पांडा, अनिरुद्ध त्रिपाठी अशेष, अशोक अविचल तथा डा अमर सिंह. उपासना सिन्हा की सरस्वती वंदना तथा माधवी उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत श्रीराम वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ.

**(जमशेदपुर सूचना सौजन्य : माधवी उपाध्याय )**

## पुस्तक मेला में कवि सम्मेलन

4 जनवरी को रांची के स्थानीय जिला स्कूल में समय इंडिया नई दिल्ली की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. कवि सम्मेलन की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवि और साहित्यकार डा कुमार बृजेन्द्र ने किया. नये वर्ष का स्वागत करते हुए उन्होंने कविता सुनाई कि -नये साल में चिड़ियों को दाना, बच्चों को नयी पतंग मिले. नये साल में सबको तितली सा रंग मिले. जिन कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया उनमें प्रमुख रहे - प्रवीण परिमल, अंजेश कुमार, कुमार बृजेंद्र, डा कमल कुमार बोस, डा अनिल कुमार ठाकुर, मनोज कुमार झा, राजीव थेपड़ा, नरेश बांका, अशोक कुमार प्रमाणिक, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, सिद्ध नाथ बिहारी, उज्जवल पाण्डेय, सात्विक श्रीवास्तव, प्रियांशु कुमार कन्हैया जी, डा चंद्रिका ठाकुर, डा वासुदेव प्रसाद, डा ओम प्रकाश, डा हीरालाल, डा कुंदन कुमार, डा जितेन्द्र कुमार सिंह. इस अवसर पर कवयित्रियों की सार्थक उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रही - डा राज श्री जयंती, डा अंकिता सिन्हा, संध्या चौधरी उर्वशी, स्वास्ति, नंदिनी प्रणय आदि. कार्यक्रम में राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची शिक्षक गण और विद्यार्थी गण विशेष रुप से उपस्थित रहे. आगत अतिथियों का स्वागत डा जंग बहादुर पाण्डेय एवं डा चंद्र भूषण ने किया. कार्यक्रम का संचालन डा विनोद सिंह गहरवार ने किया.

दो जनवरी को राजधानी के जिला स्कूल में समय प्रकाशन की ओर से कवियित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें रेणु झा, संगीता कुजारा टाक, डॉ राजश्री जयंती, सुरिन्दर कौर नीलम, वीणा श्रीवास्तव, सत्या शर्मा आदि ने काव्यपाठ किया.

विश्व हिंदी दिवस पर दस जनवरी को सांसद संजय सेठ ने अनीता रश्मि, रेणु झा, रेणु त्रिवेदी मिश्रा, राजीव थेपड़ा, सुरिन्दर कौर नीलम, डॉ रजनी शर्मा चंदा समेत कई साहित्यकारों को सम्मानित किया.

## श्रीरामोत्सव

20 जनवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में एक मीडिया हाउस की ओर से आयोजित श्रीरामोत्सव का आयोजन किया गया. प्रथम सत्र में जनजातीय जीवन में राम पर डा. दिवाकर मिंज ने व्याख्यान दिया. द्वितीय सत्र में आदिवासी लोकपरंपरा में राम पर प्रदीप कौशिक ने चर्चा की. कार्यक्रम में सनातन प्रवाह में श्रीराम पर डा.जंगबहादुर पांडेय, पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, रांची विवि, पीके झा, पूर्व निदेशक, रांची दूरदर्शन व डा.मुरारी मयंक, आध्यात्मिक चिंतक ने विमर्श किया.

## राष्ट्रीय महिला काव्य मंच

राष्ट्रीय महिला काव्य मंच रांची के तत्वावधान में 18 जनवरी रांची के सिटी पैलेस होटल में राष्ट्रीय कवि-कवयित्री संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, डा राजश्री जयंती, डा सारिका भूषण और हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पाण्डेय आदि मौजूद रहे.

## कविता



निर्मला पुतुल

### तुम्हारा मिलना

तुम्हारा मिलना जैसे
पूर्णमासी के चांद में
पूर्णता मिल जाना है
उम्मीद की एक नई किरण
लिए
ज्योतित हो जाना है
ज्यों बारीक कटे खीरे की
ठंडक पहुंचाती स्लाइस से
सूजी आंखों को सेंक लगाना है
तुम्हारा मिलना

तुम्हारा मिलना
सूखी- तप्त धरा का
बारिश भीगते तृप्त होना है
मिट्टी की सौंधी गंध में
जैसे दूर रेगिस्तान कहीं
कैक्टस का उग आना है
निर्जीव मुर्दों में भी
प्राण विद्युत आ जाना है
तुम्हारा मिलना.

तुम्हारा मिलना
उमड़ती - घुमड़ती कराहती -
रम्भाती
अल्लड़ नदियों का सागर से जा
लिपटना है
और इस तरह आलिंगनबद्ध
होना
जैसे किसी भूखे की हथेली पर
सौगात में रोटी का आ जाना है
आबद्ध ऐसे ही
प्रेमी- प्रेमिका रहते हैं आतुर
आपस मिलने को अवसर की
तलाश में

तुम्हारा मिलना
ज्यों सूखी बाती को
घी का ईंधन मिल जाना है
उदीप्त हो जाना है
सर्द मौसम में
प्रेम के रजाई तले
किसी नव- जोड़ों की तरह
नि: शब्द हो
एक - दूजे की धड़कनों में
समा जाना है

तुम्हारा मिलना
निश्चय ही
तवायफों की आत्मकथा
लिखने की
एक मुकम्मल कोशिश
रईसजदों में खुदकुशी का
एक इरादतन असफल प्रयास
और तुम्हारा मिलना
तुम्हारे अस्तित्व का होना ही
समय के दायरे में
अनमोल शब्दों को देना है
वृहत्तर आकाश.



महेंद्र कुमार

### शक्तिहीन शब्द

अक्सर कहती है वह
बोलिए, मुंह अपना खोलिए
लेकिन मैं बोलूं
तो क्या बोलूं
क्यों अपना मुंह खोलूं?
बातें जो घिस गई हैं
बातें जो पिट गई हैं
कभी यदि मुंह खोलूं भी
तो उन में प्रयुक्त शब्द
घिस गए हैं इतने
कि उनकी तीनों शक्तियां
अभिधा, लक्षणा, और व्यंजना
खो चुकी हैं
अपनी अर्थ संप्रेषण की
भेदन शक्ति
जिससे वे शब्द
मानस तक मूल्य पहुंचाने में
हो गए हैं अक्षम.
और वेद की ऋचाएं
गीता के श्लोक
कुरान की आयतें
बाइबिल के दृष्टांत
हो गए खोखले
इस 21वीं सदी में
लोगों के लिए....



संगीता कुजारा टाक

### झगड़ा

मेरा दिल
और दिमाग
जैसे एक ही मकान मालिक के
दो किराएदार
कभी पटी नहीं दोनों में.....

### राह

नफरत करना
आसान था उनके लिए
सो, उन्होंने नफरत की!
मैं मुश्किलों की कायल थी
सो, मैंने मोहब्बत की...

# मुनव्वर जैसा मक़बूल शायर अब कहां!

**संस्मरण**



इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी

14 जनवरी की रात 11:30 जब मुनव्वर राना के निधन की ख़बर मिली तो लगा जैसे मेरे जिस्म से जान निकल गई. उनके निधन के साथ ही एक दौर का खात्मा हो गया.

जहां तक मेरी मुनव्वर राना से संपर्क में आने की बात है, जब वर्ष 2003 में मैंने गुफ़्तगू पत्रिका की शुरू की थी, उसी समय से देशभर के लगभग सभी बड़े शायरों और कवियों को यह पत्रिका भेजता रहा हूं. इस लिस्ट में मुनव्वर राना का नाम भी शामिल है. जब मैंने गुफ़्तगू का 'बेकल उत्साही विशेषांक' निकालने की योजना बनाई, उस समय के देशभर के लगभग सभी बड़े शायरों और कवियों को इस बावत ख़त लिखा था कि 'बेकल उत्साही विशेषांक' के लिए अपने मज़मून भेजिए. ख़त भेजने के लगभग 20 दिन बाद मुनव्वर राना साहब का फोन आया. -'मैं मुनव्वर राना बोल रहा हूं. बेकल उत्साही साहब पर मैंने मज़मून लिख लिया है आज ही डाक से रवाना कर रहा हूं.' पहली बार उनसे बात करके मुझे खुशी का अनुभव हुआ था.

मुनव्वर राना से मेरी पहली मुलाकात इलाहाबाद हाईकोर्ट के निबंधक रहे गिरीश वर्मा जी के भतीजे की शादी में हुई थी. तभी आमंत्रण मिला-लखनऊ कभी मेरे गरीबखाने पर आओ.' बाद में कई बार मुनव्वर राना के घर आने-जाने का मौका मिला. जब भी लखनऊ जाता हूं, तो उनके घर अवश्य ही जाना होता है.

हमारी गुफ़्तगू टीम के लोग बार-बार मुझसे कहते रहते कि कभी हमें मुनव्वर राना से मिलवाइए. फिर



एक बार योजना बनाकर हमलोग लखनऊ जाकर मुनव्वर राना के घर पहुंचकर लगभग तीन घंटे उनकी बातें सुनीं. दोपहर के खाने का वक़्त हो गया तो मुनव्वर साहब ने कहा कि चलो आप लोगों को खाना खिलाता हूं. हम सभी लोगों को एक बहुत अच्छे रेस्टोरेंट में ले गए. वहां खाना खाने के बाद रेस्टोरेंट का मालिक आकर मुनव्वर राना के पास खड़ा हो गया. मुनव्वर ने अपनी रौबदार आवाज़ में उससे कहा कि- कितना बिल हुआ? वह आदमी चुपचाप खड़ा रहा, कुछ नहीं बोला. फिर मुनव्वर साहब ने अपनी ज़ेब से जितना पैसा निकालकर दिया, उसने ख़ामोशी ले लिया. हम लोग रेस्टोरेंट से बाहर निकले तो पता चला कि उसका मालिक कोई और नहीं बल्कि मुनव्वर राना का दामाद है.

मुनव्वर राना के घर कई बार गया हूं, जाता रहता हूं. हर बार का कोई न कोई दिलचस्प किस्सा है. कभी न कभी इस पर पूरी किताब भी लिखूंगा, लेकिन अभी सिर्फ़ इतना ही.

**पुस्तक समीक्षा**

# "झूठी कविता के खिलाफ" प्रतिरोध के स्वर



रामचंद्र ओझा

झूठी कविता के खिलाफ रांची में आवासित कवि बृजेन्द्र का बेहद पठनीय काव्य संग्रह है. बृजेन्द्र उस मुहाने के कवि हैं जब पारंपरिक छंदों और गीतों से काव्य जगत विमुख हो रहा था और 'छंदमुक्त' छंद का दौर था. बृजेन्द्र ने अपना लेखन गीतों से प्रारंभ किया था किंतु धीरे-धीरे वक्त की धार में बहने को मजबूर हुए और बेहद धारदार कविताएं अतुकांत शैली में लिखीं. उस वक्त की एक और खूबी थी, क्रांतिकारी वामपंथ का उदय. अतः बृजेन्द्र उसी विचार धारा की पाग में पगे कवि हैं. इस संग्रह की कविताएं वस्तुतः प्रतिरोध की कविताएं हैं.

कविता एक ऐसा कला संवाद है जो निर्वैयक्तिक और निःस्वार्थ होता है. कविता में किसी व्यक्ति का विरोध न होकर उन भाव दृष्टियों का विरोध वांछित है जिससे मानव अस्मिता आहत होती है. बृजेन्द्र ऐसे संवादों के मजे हुए कवि हैं. दृष्टांतः 'पेड़ से संवाद ' करती इस कविता को ही देख लीजिए-

आप किसी पेड़ से/ संवाद नहीं कर सकते/ काट सकते हैं उसे/ तोड़ सकते हैं फूल, फल/ तने से बनवा सकते हैं - कुर्सी/ मेज/ दरवाजे और खिड़कियां!/ पर पेड़ से संवाद नहीं कर सकते/ क्योंकि, गंध और सृजन का पताका है पेड़/ पोस्टमैन की चिट्ठी बांटता/ पोस्टमैन की ठहरी सायकल है पेड़/ पेड़ से आप संवाद नहीं कर सकते क्योंकि / पेड़ ज़मीन से जुड़ा है/ आप से भी गहरा/ वह न गूंगा है न बहरा/ संवाद तब कर सकते हैं जब / आप उसकी हरी-भरी गंधवाली भाषा सीखें.... तो ये हैं कुमार बृजेन्द्र.




पुस्तक : झूठी कविता के खिलाफ
मूल्य - 175 रुपए, पृष्ठ - 93
प्रकाशक : रश्मि प्रकाशन

संग्रह की कविताएं महज भावनाओं की कोरी अभिव्यक्तियां नहीं हैं बल्कि कल्पनाओं से रची गई कलाकृतियां हैं. मुकम्मल कविता. संबोधन की शैली वाली कविता नागार्जुन लिखा करते थे- इंदु जी, इंदु जी क्या हुआ आपको/ क्या हुआ आपको/ क्या हुआ आपको/ सत्ता की मस्ती में/ भूल गईं बाप को...

जहां नागार्जुन का यह विरोध एक खास सत्ता का ही नहीं, बल्कि तत्कालीन शासक इंदिरा गांधी की यह व्यक्तिगत आलोचना थी. किंतु बृजेन्द्र का विरोध निर्वैयक्तिक और सत्ता की तमाम शक्तियों और उनके प्रतीकों और प्रवृत्ति के प्रति है.

अफसर जी!/ सुवर्ण रेखा का रोना सुना है आपने?/ किनारों का किसी लावारिस लड़की सा बिछना देखा है?/ पाल की तरह फहराती साड़ियों से/ झांकते चप्पू की तरह/ उनकी जांघें/ वृक्ष की शाखाओं की तरह !

यहां नरम जांघ की तुलना कठोर वृक्ष की शाखा के रूप में करना कवि की खूबी है जिससे सत्ता का विद्रूप चेहरा हमारे सामने होता है, न कि कोई रति भाव. जैसे संस्कृति जीवन शैली है, जीवन जीने का सलीका, ठीक वैसे ही कविता एक अंदाजेबयानी है. कविता का सौंदर्य, विषय वस्तु नहीं बल्कि उसकी भाव भंगिमा है. कुंतक इसे वक्रोक्ति कह गए हैं. यह तो महज एक बानगी है, इस संग्रह की कविताएं ऐसे प्रयोगों से भरी पड़ी हैं. 'जैसे शब्द हूं' शीर्षक कविता को ही लें- किताब खोलकर/ जर्द उंगलियों में जमी आंखों/तुम मुझे याद मत रखना/ शब्द हूं बिखर जाउंगा / तुमसे जो हवा ने कहा था/ कहा था महज एक संदेश/ और अब तो / उस हवा का गुजरना/ नदी तक को याद नहीं/....../ तुम मुझे याद मत करना / एहसास हूं/ सिहर जाउंगा/ शब्द हूं बिखर जाउंगा...

तात्पर्य है कि यह किसी मंचीय कवि की मंच पर सुनाने वाली कविता नहीं है, बल्कि यह संजीदगी से पढ़ने और विचारने वाली कविता है, जहां कवि विशुद्ध साहित्य की भाषा बोल रहा है.

बृजेन्द्र की कविताओं की सार्थकता केवल इस बात में नहीं कि उसमें एक खास समय और समाज कितना दिखाई पड़ता है बल्कि इस बात में निहित है कि कविता चाहे जिस काल में लिखी गई हो, पाठक को उसमें अपने काल और अपने समाज की तस्वीर दिखाई पड़ती है. इसी मिजाज की यह कविता पर गौर कीजिए - मेरे प्रधानमंत्री का / आप कुछ नहीं बिगाड़ा सकते...

यह कविता जब लिखी गई, तब जितना प्रासंगिक थी, उतनी ही आज भी है और कल भी रहेगी. रोजमर्रे की भाषा और भाव, जिसे हम लोक भाषा और लोक भावना कहते हैं, वह इस कविता की खूबी है. कविता का अंदाज कवि का है किंतु भाव, भाषा और तड़प एक आम आदमी की है.

हमें जब बेहद भूख लगी थी/ सुनकर हमारा दुखड़ा/ प्रधानमंत्री जी लाए/ रोटी का एक टुकड़ा/ और कहा - मेरी जेब में एक ख़बर है/ कि पूरी रोटी दिल्ली की एक कुर्सी पर है

मजे की बात यह कि अतुकांत होते हुए भी कविता की लय नहीं टूटती, न गति मंद होती है. इस कविता को पढ़ते हुए नूर की एक ग़ज़ल का शेर याद आता है.

चबा -चबा कर चबैने से खा रहे देखो/ वे अपनी जेब में हिंदुस्तान रखते हैं...एक ही भाव को व्यक्त करने का अंदाज अलग-अलग कवियों का अलग-अलग होता है. यही मौलिकता है, जहां कवि के निजी व्यक्तित्व झलक -झलक जाते हैं. इसी बात को जब निर्मला पुतुल या लुगून कहते हैं तो उनका अंदाज कुछ और होता है. नागार्जुन का और भी अलग. बृजेन्द्र उसी मिजाज के और उन जैसे अनन्य कवियों के मिजाज के क्रांतिकारी कवि हैं. धड़ा भी वही है. पर बृजेन्द इन कवियों की तरह चर्चा में क्यों नहीं हैं, यह कौन बताएगा, इस गणित का तर्क?

इस संग्रह में जिस अंदाज से इनका प्रतिरोधी स्वर मुखरित होता है, वैसा ही अंदाज इनके प्रेम का है. बृजेन्द्र जितना मंच के कवि रहे, उतना मंच संचालन में प्रवीण और लोकप्रिय. पेशे से आकाशवाणी के उद्घोषक रहे बृजेन्द्र इस मुकाम पर किसी चाटुकारिता से नहीं पहुंचे. इनके चर्चा में नहीं रहने का यह एक ज्वलंत कारण भी है कि महंत इन्हें पसंद नहीं ; न राजनीति के और न साहित्य के! झूठी कविता के खिलाफ शीर्षक का यह संग्रह वस्तुतः इन्हीं भावनाओं का दस्तावेज है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## मालगाड़ी की चपेट में आने से किशोर का पैर कटा

**बालूमाथ (लातेहार)।** टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन में बालूमाथ रेलवे स्टेशन के समीप जोगियाडीह ग्राम के पास एक मालगाड़ी की चपेट में आने से 13 वर्षीय किशोर का दोनों पैर कट गया. उसकी पहचान जोगियाडीह निवासी संजय लोहरा के पुत्र सुमित लोहरा के रूप में की गयी है. उसे गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. यहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने उसका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार सुमित दौड़ कर रेलवे पटरी को पार कर रहा था, इसी दौरान उसका पैर पटरी में फंस गया और वह गिर गया. इसके बाद एक मालगाड़ी उसके दोनों पैर से गुजर गयी. जिससे उसका दोनों पैर कट गया. इस घटना के बाद से किशोर के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.


75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
राजु महतो
संयोजक ग्रामीण एकता मंच
तेलगोचो, महुदा, बाघमारा

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
मोहम्मद शरीफ रजा

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
रामचन्द्र महतो
अध्यक्ष
जोड़ापोखर मंडल OBC मोर्चा

75वें गणतंत्र दिवस की लातेहार वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
मो० सिद्दीक शेख
प्रभारी प्रधानाचार्य, नया प्राथमिक विद्यालय कान्डरा मुस्लिम टोला, बाघमारा, धनबाद

Pakur Chemist & Druggist Association
75वें गणतंत्र दिवस की लातेहार वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
Whatsap No. 7781885556

मुकेश कुमार अग्रवाल
सामाजिक कार्यकर्ता
की ओर से पाकुड़ जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
धर्मेंद्र चौहान
उर्फ महेंद्र चौहान
उप मुखिया बहियारडीह पंचायत
सह भाजपा नेता, बाघमारा

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
विनय कुमार सर्राफ
आचार्य, श्री मंगल प्रभा जैन महाराज शिशु मन्दिर, कुमारडीह, बाघमारा, धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
आर डी सिंह
शिक्षक, डीएवी स्कूल
गया, बिहार

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
रंजीत पाठक
झारखंड प्रदेश अध्यक्ष
राष्ट्रीय गौ रक्षा दल
आवास छाताबाद कतरास
गौ माता की रक्षा हमारा संकल्प

गणतंत्र दिवस की शुभ अवसर पर तोपचांची प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति पूर्णिमा देवी
मुखिया
अमृत रजक
मुखिया प्रतिनिधि ग्राम पंचायत रामाकुंडा, तोपचांची, धनबाद

गणतंत्र दिवस की शुभ अवसर पर गोमो आरपीएफ पोस्ट परिवार की ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सन्तोष कुमार झा
इंस्पेक्टर
आरपीएफ पोस्ट
गोमो (धनबाद)

Dhanbad St. Xavier's School
75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
राजकिशोर सिंह
प्रिंसिपल धनबाद सेंट जेवियर स्कूल
तेतुलमारी (कतरास)

जलेश्वर महतो जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद
75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
विकास सिंह
अध्यक्ष
कतरास नगर युवा कांग्रेस (बाघमारा)

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
शिबु महतो
विधायक प्रतिनिधि
बाघमारा विधानसभा
(खनन विभाग)
जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
डॉ० सुषमा आनंद
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
बाघमारा, धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
संजय कुमार
पूर्व मुखिया
मुराईडीह पंचायत बाघमारा प्रखंड

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
नन्दनी देवी
मुखिया
दिनेश कुमार प्रमाणिक

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
दीपनारायण शर्मा
सचिव
मो० जियाउद्दीन
प्राचार्य
साक्षी निकाय (जीबी)
महुदा महाविद्यालय, महुदा बाघमारा, जिला धनबाद (झारखंड)

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
महेश कुमार पटवारी
मुखिया
ग्राम पंचायत पदुगोड़ा
बाघमारा, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
वीरेंद्र सिंह
जिला संगठन सचिव आजसू पार्टी सह सांसद प्रतिनिधि

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
तेजू महतो
पूर्व मुखिया
हरिणा पंचायत बाघमारा प्रखंड

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
धनेश्वर महतो
विधायक प्रतिनिधि
(पंचायत राज्य) जिला धनबाद
रिंकु देवी
प्रखण्ड अध्यक्ष, मुखिया संघ
बाघमारा, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
शंकर महली
जिला कोषाध्यक्ष, महली जन जाति विकास मंच, महुदा, बाघमारा, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
दुखु महतो
सचिव जन कल्याण विकास केंद्र,
तेलमोच्चो बाघमारा, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
गुड़िया देवी
मुखिया
आदर कुमार मिश्रा
पूर्व मुखिया
ग्राम पंचायत तेतुलिया-2
बाघमारा प्रखंड

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राजेश श्रीवास्तव
प्रचार्य, केबीआर उच्च विद्यालय महुदा, बाघमारा
जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
चण्डी चरण दास
प्रभारी प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमडीहा, बाघमारा

संविधान और संविधान की मूल भावना की रक्षा ही गणतंत्र दिवस पर शहीदों की सच्ची श्रद्धांजलि है। गणतंत्र दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार झा
पूर्व बियाडा अध्यक्ष
(कतरास)
डॉ शिवानी झा
स्त्री रोग विशेषज्ञ
श्री कृष्णा मातृ सदन (कतरास)

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
रवि भूषण प्रसाद
अंचलाधिकारी
बाघमारा, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी
जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रदीप कुमार तुरी
समाजसेवी, महुदा,
बाघमारा, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
सुभाष प्रसाद
प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी
बाघमारा, धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
जितेन्द्र कुमार सिंह
समाज सेवी
महुदा क्षेत्र, बाघमारा, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
मो० मैराज अंसारी
समाजसेवी, बाघमारा

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
अंचल कार्यालय पाकुड़

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
नरेश महतो
गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि बीसीसीएल जोन,
जिला उपाध्यक्ष आजसू पार्टी सह
पूर्व मुखिया, तेतुलमारी (बाघमारा)

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
आशा देवी
जिला परिषद सदस्य क्षेत्र
संख्या बीस, जिला धनबाद

75वें गणतंत्र दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
सूर्यकान्त महतो
मुखिया, ग्राम पंचायत सिंगड़ा,
बाघमारा

## ब्रीफ खबरें

### गोलीबारी में एक स्वयंसेवक की मौत

**इम्फाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच मुठभेड़ में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. मुठभेड़ तब शुरू हुई, जब हथियारबंद बदमाश सतांग कुकी के पहाड़ी गांव में घुस आए और उन्होंने बंदूकों और बम से हमला कर दिया. पुलिस ने बताया कि सतांग गांव में अतिरिक्त बलों के पहुंचने के बाद हमलावर पीछे हट गए. घायलों को इम्फाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### आयुध निर्माणी भंडारा में विस्फोट, एक की मौत

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित आयुध निर्माणी भंडारा परिसर में शनिवार सुबह हुए विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह करीब आठ बजे हुई. अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान अविनाश मेश्राम (52) के रूप में की गई है. विस्फोट के समय मेश्राम दिन की पहली पाली में काम कर रहे थे और वहां अकेले थे. घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है.

### ट्रक-टक्कर में टक्कर, चार लोग जिंदा जले

**पंजाब।** पंजाब के होशियारपुर के उच्ची बसी मुकेरियां में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां ट्रक और कार में जोरदार टक्कर के बाद कार में आग लग गयी और धू-धूकर जलने लगी. इस हादसे में कार सवार चार लोग जिंदा जल गये. वहीं एक गंभीर रूप से झुलस गया. घटना के बाद वहां चीख-पुकार मच गयी. आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी. सूचना पाकर पुलिस टीम के साथ ही दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और आग को बुझाया.


### 80 लाख के आठ टन कॉपर की डकैती

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र में एक ट्रांसफार्मर फैक्टरी से 80 लाख कीमत के आठ टन कॉपर की डकैती हो गयी. शनिवार तड़के सुबह डकैती की सूचना फैक्टरी मालिक संजीव अग्रवाल को मिली. फैक्टरी मालिक ने डकैती की सूचना थाना चिनहट और पुलिस उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव को दी. अपराह्न घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस उपायुक्त ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दी है. पीड़ित फैक्टरी मालिक संजीव ने बताया कि बीती रात को डकैती की घटना हुई है.

### प्रधानमंत्री ने किया 84वें एआईपीएओसी को किया संबोधित

# नियम तोड़ने वालों का समर्थन करना अच्छा नहीं : पीएम मोदी

**भाषा। मुंबई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक दलों का सदन के नियम तोड़ने वाले सदस्यों का समर्थन करना और उनके आचरण का बचाव करना संसद और राज्य विधानसभाओं के लिए अच्छा संकेत नहीं है. यहां 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को विधायी समितियों में अधिक अवसर दिया जाना चाहिए, ताकि वे नीति-निर्माण में अधिक भागीदार बन सकें. मोदी ने कहा कि एक समय था जब सदन में अगर कोई सदस्य नियम तोड़ता था और उस सदस्य के खिलाफ कार्रवाई होती थी तो सदन के वरिष्ठ सदस्य उनसे बात करते थे ताकि भविष्य में वह गलती न दोहराएं और सदन के नियम न तोड़ें. प्रधानमंत्री ने कहा कि लेकिन, आजकल कुछ राजनीतिक दल ऐसे सदस्यों के समर्थन में खड़े होते हैं और उनकी गलतियों का बचाव करते हैं. यह स्थिति संसद या राज्य विधानसभाओं के लिए अच्छी नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि ई-विधान और डिजिटल संसद पहल के माध्यम से 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' पर काम चल रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने 2,000 पुराने कानूनों को खत्म कर दिया है.

### अमित शाह काबंगाल दौरा स्थगितः भाजपा

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 28 जनवरी से प्रस्तावित दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरा टल गया है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि अमित शाह जी की 28 जनवरी से होने वाली पश्चिम बंगाल की दो दिवसीय यात्रा स्थगित कर दी गई है. उनकी यात्रा की नई तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी. शाह को पूर्व मेदिनीपुर जिले के मेचेदा में 29 जनवरी को एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करना था और लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए संगठनात्मक बैठकें करनी थीं. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल की 42 संसदीय सीट में से भाजपा ने 18 सीट जीती थी और आगामी लोकसभा चुनाव में 35 से अधिक सीट हासिल करने का लक्ष्य रखा है.

### डीपफेक का शिकार हुईं गायिका टेलर स्विफ्ट

**न्यूयॉर्क।** मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट डीपफेक का शिकार हुईं हैं, उनकी कई आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर सार्जनिक हुई हैं. इस मामले ने कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते दुरुपयोग के बारे में चिंता बढ़ा दी है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस सप्ताह गायिका स्विफ्ट की आपत्तिजनक फर्जी तस्वीरें सामने आईं. एआई का इस्तेमाल करते हुए किसी तस्वीर पर या वीडियो पर किसी अन्य व्यक्ति की तस्वीर लगाकर उसे इस तरह पेश करना कि वह असली लगे डीपफेक कहलाता है. इन तस्वीरों के सार्वजनिक होने के बाद स्विफ्ट के प्रशंसक एकजुट हुये और उन्होंने गायिका के समर्थन में 'एक्स' पर अभियान चलाया. कुछ ने कहा कि उन्होंने उन सोशल मीडिया खातों की शिकायत की है जो आपत्तिजनक तस्वीरें साझा कर रहे हैं. डीपफेक का पता लगाने वाले समूह 'रिएलिटी डिफेंडर' ने कहा कि उसे स्विफ्ट को चित्रित करने वाली कुछ अश्लील सामग्री विशेष रूप से 'एक्स' पर मिली हैं. कुछ तस्वीरें फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर भी पाई गई हैं.

# गठबंधन की एकजुटता के लिए हरसंभव प्रयास करेंगेः खरगे

**भाषा । कलबुर्गी (कर्नाटक)**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापस जाने की संभावना के बीच शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी को उम्मीद है कि जो लोग देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की इरादा रखते हैं, वे निश्चित रूप से जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को एकजुट रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी. उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि जद (यू) नेतृत्व के मन में क्या है. जद(यू) के 'इंडिया' गठबंधन से बाहर जाने की संभावना पर एक सवाल के जवाब में खरगे ने कहा कि क्या वे बाहर जा रहे हैं? मुझे अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है. मैंने उनके नेतृत्व को एक पत्र लिखा है और उनसे बात करने की कोशिश की है. मैं स्पष्ट रूप से नहीं जानता कि उनके मन में क्या है. इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि जद (यू) प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में सत्तारूढ़ 'महागठबंधन' से अलग होने और फिर से भाजपा नीत राजग में शामिल होने की योजना बना रहे हैं. केसी त्यागी समेत कुछ जद (यू) नेताओं ने दावा किया है कि 'इंडिया' गठबंधन टूटने की कगार पर है. कांग्रेस अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा कि मैं कल देहरादून जा रहा हूं और वहां. बिहार में नई सरकार बनाने के लिए जद (यू) के भाजपा के साथ हाथ मिलाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर खरगे ने कहा कि हमारे पास इसकी जानकारी नहीं है.

### मराठा आरक्षण का पेंच सुलझा, शिंदे सरकार ने मानी सारी मांगें

# जरांगे ने खत्म किया आंदोलन

**संवाददाता। मुंबई**



महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का पेंच आखिरकार सुलझ गया. एक दिन के अल्टीमेटम के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मनोज जारांगे पाटिल की सारी मांगें मान ली है. जिसके बाद पाटिल ने इस आर-पार के आंदोलन और अनशन को खत्म करने का ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे ने अच्छा काम किया है. सीएम ने हमारी मांगों को मान लिया है. जिसके बाद हमारा विरोध प्रदर्शन खत्म हो गया है. कहा कि सीएम ने हमारा अनुरोध स्वीकार कर लिया गया है, हम उनका पत्र स्वीकार करेंगे. कहा कि वो मुख्यमंत्री के हाथ के हाथ से जूस पीकर अनशन खत्म करेंगे.

**शुक्रवार देर रात प्रतिनिधिमंडल के साथ पाटिल ने की थी बैठक :** दरअसल, जरांगे ने घोषणा की थी कि अगर सरकार ने शुक्रवार रात तक उनकी मांगें पूरी नहीं की तो वह शनिवार को मुंबई की ओर कूच शुरू करेंगे और भूख हड़ताल पर बैठेंगे. जिसके बाद एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मनोज जरांगे पाटिल की मांगों पर चर्चा की. इसके बाद पाटिल से मिलने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल मसौदा अध्यादेश के साथ भेजा. जिसके बाद शुक्रवार रात पाटिल और महाराष्ट्र सरकार प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत हुई. जिसमें शिंदे सरकार ने पाटिल की सारी मांगें मान ली. प्रतिनिधिमंडल में सामाजिक न्याय विभाग के सचिव सुमंत भांगे, औरंगाबाद मंडलीय आयुक्त मधुकर अरंगल, मुख्यमंत्री के निजी सचिव अमोल शिंदे और अन्य लोग शामिल थे.



**मनोज जरांगे की मांगें**

- मराठा समुदाय के लोगों के लिए ओबीसी के तहत सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण की मांग
- मराठा समुदाय को फुलप्रूफ आरक्षण मिले.
- आरक्षण आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज अपराधों को रद्द करने के लिए एक तारीख तय हो.
- महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय के आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के सर्वेक्षण के लिए राशि दे और कई टीमें बनाये.
- मराठों को कुनबी जाति प्रमाण-पत्र देने वाला एक सरकारी आदेश पारित किया जाना चाहिए और महाराष्ट्र शब्द जरूर शामिल होना चाहिए.
- मनोज जरांगे पाटिल ने शर्त रखी थी कि जब तक सभी मराठों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल जाता, तब तक वह अपने घर नहीं जायेंगे.

### केरलः पुलिस के रवैये से नाराज राज्यपाल आरिफ मो. धरने पर बैठे

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शनिवार को एसएफआई कार्यकर्ताओं की ओर से काले झंडे दिखाने और बाद में उनकी कार के करीब आने के बाद कोल्लम के नीलामेल में सड़क किनारे विरोध में धरने पर बैठ गए. इस मामले में नाराजगी जताते हुए राज्यपाल ने अपनी कार रुकवाई और पुलिस से पूछताछ की. उसके बाद पास की चाय की दुकान से एक कुर्सी निकाली और सड़क के किनारे बैठ गए. उन्होंने कहा, मैं यहां से नहीं जाऊंगा. पुलिस मुझे सुरक्षा दे रही है. राज्यपाल ने केंद्रीय गृह सचिव से मामले की शिकायत की है. पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाने की कोशिश की. राज्यपाल का कहना है कि एक विफल पुलिस व्यवस्था के कारण इस तरह का संकट पैदा हुआ. राज्यपाल ने आरोप लगाया, मुझे काले झंडे लहराए जाने से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन आंदोलनकारी मेरी कार पर हमला कर रहे हैं. उन्होंने पुलिस पर ड्यूटी में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया.

### उप्र में कांग्रेस 11 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी, सपा ने जताई सहमति

**लखनऊ।** विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के प्रमुख घटक दल कांग्रेस उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. गठबंधन की घटक दल समाजवादी पार्टी ने इस पर सहमति जताई है. प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के लिए लोकसभा की 07 सीटों पर पहले ही सहमति बन चुकी है. सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे की जानकारी दी है. अखिलेश ने लिखा है कि कांग्रेस के साथ 11 लोकसभा सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है. ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा. अखिलेश की इस पोस्ट के साथ ही प्रदेश में आईएनडीआईए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर उथल-पुथल की अटकलों पर विराम लग गया है. इससे पहले, अखिलेश ने राष्ट्रीय लोक दल के लिए लोकसभा की 07 सीटें छोड़ने की जानकारी दी थी.

# सात विधायकों को 25 करोड़ रुपये की पेशकश की गई : अरविंद केजरीवाल

**भाषा। नयी दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में उसकी सरकार को गिराने के लिए उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने की पेशकश की है. वहीं, भाजपा की दिल्ली इकाई ने इन आरोपों का खंडन किया है और 'आप' को सात विधायकों और जिन लोगों ने उनसे संपर्क किया था, उनके नाम सार्वजनिक करने की चुनौती दी है. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने (भाजपा) उनकी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क किया और उन्हें चेतावनी दी कि 'आप' संयोजक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. केजरीवाल ने कहा, पिछले दिनों इन्होंने दिल्ली के हमारे सात विधायकों से संपर्क कर कहा- कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे. उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे'.






# अंबेडकर की फोटो के अपमान के आरोप में तीन गिरफ्तार

**भाषा। बलिया (उप्र)**

उत्तर प्रदेश के बलिया में गणतंत्र दिवस के दिन डॉबीआर अंबेडकर की तस्वीर वाले झंडे के अपमान का वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर शनिवार को एक वीडियो सार्वजनिक हुआ, जिसमें रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के पकवाइनार गांव में कुछ लड़के संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की तस्वीर लगे झंडा को कथित तौर पर उखाड़कर पैर से दबाते हुए दिखाई दिये. पुलिस ने बताया कि आरोपी इस झंडे के स्थान पर तिरंगा झंडा लगाते हुए वीडियो में दिखाई दिये.पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि वीडियो के संबंध में रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के अतरसुआ गांव के ''जय भीम भारती'' की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

**खास बातें**

- फोटो का अपमान कर सोशल मीडिया पर किया था सार्वजनिक
- जय भीम भारती की शिकायत पर दर्ज किया गया था मुकदमा








































ब्रीफ खबरें

## कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी

**जमुई ।** जमुई के सिमुलतला रेलवे स्टेशन स्थित कटोरवा ब्रीज पुल के पास छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से बंगाल जा रही मालगाड़ी का कपलिंग टूट गया, जिससे मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई. घटना को देख सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. वहीं इस घटना में कोई नुकसान होने की खबर सामने नहीं आई है. कपलिंग टूटने की वजह से 20 मिनट तक किउल-जसीडीह रेलखंड पर परिचालन बाधित हो गया. जिससे सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

## पुलिस ने दो नाबालिग समेत 9 ठग को पकड़ा

**गोपालगंज ।** गोपालगंज जिले में ड्रीम 11 के नाम पर लोगों से ठगी की जा रही थी. पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना हाथ लगी, उन्होंने टीम बनाकर छापेमारी कर 9 लोगों को गिरफ्तार किया है. इसमें दो नाबालिग भी शामिल है. पुलिस ने इनके पास से 10 मोबाइल बरामद किया है. बताया जा रहा कि सभी एक नए तरह का स्कैम कर रहे थे. इन ठगों द्वारा ड्रीम 11 में बेहतर रैंकिंग दिलाने के नाम पर पैसे ठगे जा रहे थे. सभी जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र लोहिजारा गांव में रहकर ठगी कर रहे थे. फिलहाल हिरासत में लिए गए अभियुक्तों से पुलिस पूछताछ कर रही है. इसके बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी.

## अपराधियों ने मांगी 10 लाख की रंगदारी

**सहरसा ।** सहरसा के बलवाहाट ओपी क्षेत्र सकड़ा पहाड़पुर के पास उच्च स्तरीय पुल का निर्माण हो रहा है. यहां नाबार्ड से 8 करोड़ 7 लाख 42 हजार की लागत से पुल बनाया जा रहा है. शुक्रवार की रात कुछ असामाजिक तत्वों ने कार्यस्थल पर पहुंचकर हंगामा किया. निर्माण कार्य एजेंसी के कर्मियों की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. अपराधियों ने पिस्टल सटाकर धमकी देते हुए 10 लाख की रंगदारी देने की बात की, नहीं तो काम बंद करने की धमकी देकर फरार हो गये.

बदलती राजनीति का शोर, हलचल चहुंओर, भाजपा, जदयू व राजद में बैठकों का दौर

# आज पटना आ सकते हैं शाह व नड्डा

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र ।पटना**

बिहार में सत्ता परिवर्तन को लेकर गहमागहमी चरम पर है. किसी भी क्षण कुछ भी हो सकता है. चर्चा तो यह भी है कि सीएम नीतीश कुमार का एनडीए में शामिल होने का फार्मूला तैयार हो चुका है. भाजपा, जदयू, राजद और हम के विधायकों व सांसदों की बैठकों का दौर जारी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी कोर कमिटी की बैठक में व्यस्त हैं. जदयू विधायकों की बैठक बुलाई गयी है. रात में सीएम आवास में जदयू विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है.राजद विधायकों की आज हुई बैठक में विधायकों ने 'कुछ भी करने' के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को अधिकृत कर दिया है. भाजपा की गोपनीय बैठक में जुटे हैं विधायक व सांसद. पहले भाजपा विधायकों की बैठक हुई उसके बाद कोर कमेटी की. कल तक जो प्रवक्ता एक- दूसरे के खिलाफ जहर उगलते थे आज चुप्पी साधे हुए हैं. बैठकों से छन-छन कर निकल रही सूचनाओं के मुताबिक लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई. कोई भी दल या उसके प्रवक्ता खुल कर बोलने से परहेज कर रहे हैं. इधर लालू प्रसाद ने अपने सभी विधायकों को पटना में रहने का निदेश दिया है.कांग्रेस ने पूर्णिया में आज विधायकों की बैठक बुलाई थी लेकिन कम लोगों के पहुंचने के कारण इसे कल तक के लिये टाल दी गयी है. सूत्रों के मुताबिक यदि सबकुछ पॉजिटिव रहा तो इसे अमली जामा देने के लिए 28 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आ सकते हैं.

## विधान पार्षद सुनील सिंह का तीखा व्यंग्य

राजद के बहुचर्चित विधान पार्षद और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के मुंहबोले भाई सुनील कुमार सिंह शनिवार को फिर चर्चा में रहे. सुनील सिंह ने बिना सीएम नीतीश कुमार का नाम लिए कटाक्ष किया है. सुनील ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा है. इसमें उन्होंने सांप का उदाहरण दिया है. सुनील सिंह लिखते हैं – 'एक सपेरे से पूछा कि सांप कितने दिनों में केंचुल बदलता है? उल्टे सपेरे ने पूछा कि कहीं आप वो सांप के बारे में तो नहीं पूछ रहे है!'

**राष्ट्रहित में निर्णय करती है भाजपा : विजय सिन्हा**

बिहार की राजनीतिक स्थिति पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा, हमारा नेतृत्व सामूहिक और सक्षम नेतृत्व है और राष्ट्र हित में ही निर्णय लेते हैं और लोग उनके निर्णय का स्वागत करते हैं, भाजपा का हर कार्यकर्ता एक सैनिक के रूप में कमांडर के आदेश को मानता है.

**राजद ने लालू को अधिकृत किया: मनोज झा**

बैठक के बाद राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा, बैठक बहुत सकारात्मक हुई, हमारी अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा हुई, बैठक में समकालीन राजनीति में चल रहे मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया.

**कांग्रेस की बैठक अब पूर्णिया में 28 को :** राजद, जदयू और भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी शनिवार को पूर्णिया में विधायक दल की बैठक बुलाई. बैठक पटना से 300 किलोमीटर दूर पूर्णिया में बुलाई थी लेकिन कम विधायक के पहुंचने के कारण बैठक टल गयी है. अब यह रविवार की दोपहर दो बजे होगी. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि कांग्रेस विधायकों को 28 जनवरी को पूर्णिया बुलाया गया है. शनिवार को राहुल गांधी की यात्रा को लेकर गठित कमेटी की बैठक ही बुलाई गयी थी. जिसमें करीब एक दर्जन विधायक इसके सदस्य हैं. उन्हें भी रविवार की बैठक में शामिल होना है.

**टूट चुका जदयू से राजद का रिश्ता: अशफाक**

राजद के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक करीम के बयान से बिहार की सियासी तस्वीर साफ हो गयी दिखती है. सांसद अशफाक करीम ने कहा- 'अब टूट चुका है जदयू से राजद का रिश्ता, नीतीश कुमार को माफ नहीं करेगी बिहार की जनता'.

## राजद नेता शिवानंद तिवारी की नीतीश कुमार को सलाह

**विशेष संवाददाता ।पटना**

राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पापी बता दिया है. क्या नीतीश जी गांधी की कसौटी पर पापियों की सूची में पहले स्थान पर रहना चाहते हैं! तिवारी ने घटते राजनीतिक घटनाक्रम पर शनिवार को कहा कि नीतीश जी गांधी जी का बहुत नाम लेते हैं. गांधी जी जिन सात कामों को पाप मानते थे वे अक्सर उनको अपनी सभाओं में सुनाया करते थे. यहां तक कि उन सात पापों की सूची को बड़े-बड़े बोर्ड पर लिखवा कर उन्होंने बिहार भर में उनको टंगवाया है. ताकि लोग उनसे प्रेरणा ले सकें और उन पापों से बच सकें. उन सात पापों में गांधी जी के मुताबिक पहला पाप 'सिद्धांत विहीन' राजनीति है.' नीतीश जी क्या निर्णय लेने जा रहे हैं यह तो मुझे नहीं पता है. मेरी उनसे अबतक बात नहीं है. लेकिन मुझे यक़ीन है कि कोई निर्णय लेने के पहले गांधी को ज़रूर याद रखेंगे. मै उनको किशन पटनायक और अशोक सेकसरिया जी का भी स्मरण कराना चाहूंगा. उन लोगों को नीतीश से कितनी उम्मीदें थीं. तिवारी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि नीतीश जी गांधी जी के सिद्धांत विहीन राजनीति, का पहला पापी नहीं बनना चाहेंगे. बता दें कि राजद की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि जदयू के साथ उनके संबंध अब खत्म हो गए हैं और वह खुद अपनी सरकार बनाने के लिए दावा करने जा रही है.



## ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर के विकास कार्य का मुख्यमंत्री नीतीश ने शुभारंभ किया

- सीएम नीतीश पहुंचे बक्सर, डिप्टी सीएम तेजस्वी नहीं हुए शामिल



**संवाददाता ।पटना**

बिहार में सियासी उथल-पुथल के बीच शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो कार्यक्रमों में शामिल हुए. सबसे पहले उन्होंने पटना के वेटरनरी कॉलेज मैदान में अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाई, जहां राजद कोटे के आपदा प्रबंधन मंत्री शहनवाज को भी शामिल होना था, लेकिन वो नहीं गए. उसके बाद सीएम ने बक्सर के ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर के विकास कार्य फेज एक का उद्घाटन और फेज 2 का शिलान्यास किया. जहां उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अध्यक्षता करने वाले थे, लेकिन वो नहीं गए. ब्रह्मेश्वर स्थान पर होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता कार्य खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय और पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री अश्विनी चौबे अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए. जहां सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे. इस मौके पर जेडीयू और बीजेपी के कई स्थानीय नेता भी मौजूद रहे. ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर का कार्य बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से किया गया है. इस 9 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा रही है.




79 आईपीएस, 23 आईएएस बिप्रसे के 45 और राजस्व सेवा के 478 अधिकारियों पर गिरी गाज

## अंतिम सांस ले रही सरकार ने सवा छह सौ अधिकारियों का किया तबादला

- बिहार के कई जिले के डीएम व एसपी बदले गये
- बिहार प्रशासनिक सेवा के 45 अधिकारी भी तबादले की चपेट में आये हैं
- राजनीतिक हालात को देखते हुए आनन-फानन में घोषित अवकाश के दिन ही इसे जारी कर दिया गया

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र ।पटना**

जिस दिन पूरे बिहार के सरकारी कार्यालयों में बंदी थी, सचिवालय के एक कक्ष में कंप्यूटर पर दनादन अंगुलियां दौड़ रही थी. गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सरकारी अवकाश था लेकिन अंतिम सांस ले रही नीतीश सरकार ने छुट्टी के दिन सवा छह सौ से अधिकारियों का तबादला आदेश जारी कर दिया. ट्रांसफर-पोस्टिंग की चपेट में आईएएस, आईपीएस और राजस्व सेवा के सीओ स्तर के अधिकारी आये हैं.

जारी अधिसूचना के मुताबिक भारतीय पुलिस सेवा के 79 अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है. कई जिलों के पुलिस कप्तान बदल दिए गए हैं. पटना के जिलाधिकारी सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा के 23 अफसरों पर तबादले की गाज गिरी है. कई जिलों में नये डीएम की पोस्टिंग हुई है. बिहार प्रशासनिक सेवा के 45 अधिकारी भी तबादले की चपेट में आये हैं. बिहार राजस्व सेवा के 478 सीओ स्तर के अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया है. कड़ाके की पड़ रही ठंड में स्कूलों की बंदी को लेकर केके पाठक और पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर विवाद पैदा हुआ था. दोनों की गिनती सीएम के प्रिय अधिकारियों में होती है. लेकिन केके पाठक भारी पड़े और पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह को चलता कर दिया गया. हालांकि इनकी पोस्टिंग मुख्यमंत्री सचिवालय में हुई है. कई अनुमंडल के एसडीओ भी बदले गये हैं.

सूत्रों के अनुसार तबादले के लिए कुछ सेवा स्तर के अधिकारियों की कुंडली खंगाली जा रही है. कुछ श्रेणी के तबादले के जारी होने की तारीख हस्तलिखित है.

मसलन सूची तैयार थी, जारी होने का इंतजार था. कहते हैं उत्पन्न राजनीतिक हालात को देखते हुए आनन-फानन में घोषित अवकाश के दिन ही इसे जारी कर दिया गया. राज्य में अमूमन साल में दो बार जून और दिसंबर में विभिन्न सेवा के अफसरों के सामूहिक ट्रांसफर-पोस्टिंग की परंपरा रही है. लेकिन कल छुट्टी के दिन थोक भाव से अफसरों के हुए तबादले को राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रही नीतीश सरकार के तबादले फरमान को राजनीतिक नजरिये से देखा जा रहा है.







लालू यादव बहुत अड़ियल हैं

## कांग्रेस के कई विधायक जदयू में होंगे शामिल : मंडल

**संवाददाता ।भागलपुर**



जदयू विधायक गोपाल मंडल ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस के विधायक जदयू में शमिल हो जाएंगे. साथ ही उन्होंने इस सूची में भागलपुर के स्थानीय कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा को शामिल नहीं किया. कहा कि अजीत शर्मा को छोड़कर सभी कांग्रेसी विधायक जदयू में शामिल हो जाएंगे. तेजस्वी यादव आसानी से सत्ता नहीं बदलने का दावा कर रहे हैं, इस सवाल के जवाब में गोपाल मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहेंगे.

भाजपा के साथ जदयू के जाने पर लालू यादव को विधायकों का बहुमत नहीं मिल रहा है. उन्होंने लालू यादव को अड़ियल बताया. राजद विधायक भाई बीरेंद्र ने एक बयान में कहा था कि नीतीश कुमार, लालू यादव की कृपा से मुख्यमंत्री बने हुए हैं. उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गोपाल मंडल ने कहा कि ऐसा नहीं कहना चाहिए था. लालू यादव बड़े भाई हैं तो उनका आशीर्वाद रहेगा ही.

## पूर्व विधायक के भाई की गोली मारकर हत्या

**वैशाली ।** वैशाली में एक बार फिर अपराधियों ने पुलिस को धत्ता बताते हुए बड़ी अपराधी घटना को अंजाम दिया है. अपराधियों ने पूर्व विधायक के भाई की सरेआम हत्या कर इलाके में सनसनी फैला दी है. दो बाइक से आए 4 अपराधियों में से दो अपराधियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की बात सामने आई है. वैशाली जिले के लालगंज थाना अंदरगत बाईपास रोड की घटना है, जहां लालगंज शाहपुर कासिम के रहने वाले राजेंद्र शाह के पुत्र और पूर्व विधायक राजकुमार शाह के भाई मुकेश शाह की गोली मार कर हत्या कर दी गई. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## आपसी कलह से तंग युवक ने सिर में गोली मार कर ली खुदकुशी

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठीकहां भवानीपुर गांव में पारिवारिक कलह से तंग एक युवक ने खुद को गोली मारकर जान दे दी है. युवक की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठीकहा भवानीपुर गांव के सुभाष दुबे के पुत्र 30 वर्षीय दीपक कुमार दुबे के रूप में हुई है. बताया गया कि दीपक पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर कैरियर का काम करता था, जहां से किसी कारणवश नौकरी छोड़ गत कुछ साल से अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ गांव में रह रहा था. जबकि उसके माता-पिता और छोटा भाई अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में रहते है.







मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )